हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

UPHIN50812

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 01, अंकः-309, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, शनिवार 27 अप्रैल 2024





डीएम अंकित कुमार अग्रवाल व एसपी नीरज कुमार जादौन को...02

नामांकन को लेकर डीएम व एसपी ने सभी एसडीएम सीओ...06


## दरभंगा में आतिशबाजी से लगी आग में एक ही परिवार के छह की मौत



**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को यहां बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की, जिससे शामियाना में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। इस दौरान आग के फैलने से वहां रखा सिलेंडर विस्फोट कर गया। साथ ही लपटों के रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक तक पहुंचने से आग ने भयानक रूप ले लिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले,

# जनता की ताकत के साथ हर असंभव काम कर रहे संभव



**संभल, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिलारी में कहा कि जनता की ताकत के साथ हम हर असंभव काम को संभव कर रहे हैं। दूसरे चरण के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को जनता का लगातार आशीर्वाद मिल रहा। जब चार जून को ईवीएम खुलेंगे तब एक बार फिर मोदी सरकार का सपना साकार हो जाएगा। मोदी के नाम और उनके काम पर जो आशीर्वाद भाजपा के प्रत्याशियों को प्राप्त हो रहा है वह अभिभूत करने वाला है। जब लोग पूछते हैं कि देश के अंदर आखिरकार चार सौ पार का नारा क्यों लग रहा है। सीएम ने कहा कि यह नारा इसलिए कि मोदी सरकार ने 10 वर्ष में देश की तस्वीर और तकदीर को बदलने का काम किया है। 2004 से 2014 तक कांग्रेस नेतृत्व की यूपीएस सरकार के समय दुनिया के अंदर देश की पहचान का संकट था। तब हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं थी, आतंकवाद चरम पर था और नक्सलवाद देश के अंदर तेजी के साथ फैल रहा था। उस दौरान आतंकी कहीं भी विस्फोट करके निर्दोषों को मार देते थे। कांग्रेस की सरकार के दौरान देश के अंदर विकास कार्य ठप होने के साथ भ्रष्टाचार चरम पर था। गरीबों के हक पर डकैती डालने का कार्य होता था। इसी तरह प्रदेश में सपा और बसपा के समय लोग भूख से मरते थे। आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है। भाजपा सरकार में 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के फ्री चिकित्सा सुविधा मिल रही है। भाजपा चेहरा देखकर योजना का लाभ नहीं देती। हमारा मंत्र सबका साथ और सबका विकास है। कहा कि पीएम मोदी के लिए 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार है। कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाजवादी पार्टी ने अपने परिवारों के लिए खूब धन कमाया लेकिन गरीबों के लिए कुछ भी नहीं किया। वर्तमान में कांग्रेस और सपा का जो इंडी गठबंधन है उसमें वह गरीबी हटाने की बात करते थे। जब पूछा जाता है कैसे हटाएंगे कोई जवाब नहीं मिलता। गरीबी गरीबी हटाओ का नारा इंदिरा गांधी ने 1970 में दिया था। उन्होंने कहा कि वह गरीबी नहीं हटा सकी लेकिन अब नाती भी वही रट लगाए है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, जो लोग हिंदुस्तान का खाते हैं, जो ये मानते हैं उनके पूर्वज हिंदुस्तानी हैं उनके आने वाली पीढ़ी को हिंदुस्तान में ही रहना है। उनको सोचना होगा उनका वोट उन विषधरों को नहीं जाना चाहिए जो लोग भारत माता जय जयकार करने में संकोच करते हों। उनको आपका वोट कतई नहीं जाना चाहिए। जो लोग वंदे मातरम का गायन करने में संकोच करते हैं उनको आपका वोट जाने का मतलब आपके द्वारा देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को सम्मान देने का कार्य हो रहा है।

### राहुल-प्रियंका के अयोध्या जाने की खबरों पर योगी ने ली चुटकी, बोले- जो कहते थे राम कभी थे ही नहीं...



उत्तर प्रदेश में चुनावी प्रचार जोर पकड़ चुका है। इन सब के बीच मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के अयोध्या जाने की चर्चाओं पर चुटकी ली। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सुना है दोनों भाई-बहन दर्शन के लिए अयोध्या जाना चाहते हैं। जब उनकी (कांग्रेस) सरकार थी, तो वे कहते थे, राम कभी थे ही नहीं और जब आपके (लोगों के) संघर्ष, सुप्रीम कोर्ट के फैसले, पीएम मोदी के संकल्प और आपके हर वोट के मूल्य के माध्यम से श्री राम को भव्य मंदिर में ले जाया गया, तो वे अब कह रहे हैं राम तो सबके हैं। योगी ने साफ तौर पर कहा कि लोगों को कभी भी इन पर भरोसा नहीं करना चाहिए, मौका मिलते ही ये धोखा दे देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन फिर से देश को बांटने की साजिश रच रहा है। क्या ये देश इस साजिश को स्वीकार करेगा?

## ईवीएम के वोट वीवीपैट की पर्चियों से मिलान मतपत्रों से मतदान की याचिका खारिज



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वीवीपैट-ईवीएम में हम पक्षकार कभी नहीं रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)के माध्यम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) संबंधी याचिका के उच्चतम न्यायालय में खारिज होने के बाद शुक्रवार को कहा कि जिन याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई उनमें कांग्रेस कभी पक्षकार नहीं रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी इस याचिका में पक्षकार नहीं रही है। उन्होंने कहा कि वीवीपैट पर जिस याचिका को आज सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है उसमें कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। हमने दो न्यायाधीशों की पीठ के फैसले को संज्ञान में लिया है। चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाये रखने और इसे बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर घटकर 640.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

पूरी नहीं होने देंगे कांग्रेस की मंशा, अमित शाह बोले

## हम उत्तराखंड में यूसीसी लाए हैं, देश भर में भी लागू करेंगे



**गुना, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के गुना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। मोदी जी ने देश में 1 करोड़ लखपति दीदी बनाई है, ये चुनाव और 3 करोड़ माताओं को लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 10 साल में देश के करोड़ों गरीबों के लिए ढेर सारे काम किए हैं। साथ ही मोदी जी ने कुछ ऐतिहासिक काम भी किए हैं।

अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है। हमारे मध्य प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त करने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को ध्यान से पढ़िए। उन्होंने कहा है कि हम पर्सनल लॉ को फिर से लागू करेंगे। ये (कांग्रेस) मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं। आप ये बताइए, क्या ये देश शरिया से चल सकता है? राहुल बाबा, आपको तुष्टिकरण के लिए जो करना है, वो करो। लेकिन जब तक भाजपा है, हम पर्सनल लॉ नहीं लाने देंगे।भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि ये देश यूसीसी से चलेगा, ये हमारे संविधान की स्पिरिट है। हम उत्तराखंड में यूसीसी लाए हैं और नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है कि हम देश भर में यूसीसी को लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने इस देश के विकास में सबसे पहली प्राथमिकता एससी, एसटी, और ओबीसी को दी है। लेकिन, कांग्रेस कहती है कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है। कांग्रेस की मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे।

# पीएम मोदी ने फिर मंगलसूत्र-विरासत टैक्स की बात की

कहा- I.N.D.I. गठबंधन आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करेगा और अपने वोट बैंक में बांट देगा



**कोलकाता, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। पीएम ने कहा कि I.N.D.I. गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है। कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाए हैं। वे पूरे देश में एक्स-रे करेंगे। कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी, जमीन कब्जा करने का है। उसका एक हिस्सा ये लोग अपने वोट बैंक को दे देंगे। ये कांग्रेस ने घोषणा की है, लेकिन टीएमसी वाले उसके खिलाफ नहीं बोलते। पीएम ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस में तुष्टीकरण का कॉम्पिटिशन चल रहा है। टीएमसी सरकार बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लाकर बसाने का काम करती है। इन घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा करवाती है और कांग्रेस आपकी संपत्ति ऐसे वोटबैंक में बांटने की बात कर रही है। टीएमसी के राज में बंगाल में केवल हजारों करोड़ों के स्कैम चलते हैं। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतान बंगाल की जनता को करना पड़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल के 50 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 8 हजार करोड़ रुपए सीधे भेजे गए हैं। लेकिन टीएमसी सरकार को देखिए, वो आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मैं केंद्र से बंगाल के विकास के लिए, यहां की सरकार को जो पैसा भेजता हूं, वो टीएमसी के नेता, मंत्री और तोलाबाज मिलकर खा जाते हैं। पीएम बोले कि मां-माटी-मानुष की बात कहकर सत्ता में आई टीएमसी ने सबसे बड़ा विश्वासघात यहां की महिलाओं से ही किया है। जब बीजेपी सरकार ने मुस्लिम बहनों को अत्याचार से बचाने के लिए तीन तलाक खत्म किया, तो टीएमसी ने इसका विरोध किया। संदेशखाली में महिलाओं पर इतने अत्याचार हुए और टीएमसी सरकार आखिर तक मुख्य आरोपी को बचाती रही। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि ये सत्ता में हुए तो सीएए रद्द कर देंगे। सीएए नागरिकता छीनने का नहीं नागरिकता देने का कानून है। टीएमसी लगातार झूठ फैला रही है। पीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पहले चरण में टीएमसी, कांग्रेस जैसे दल जो पस्त हो रहे थे, अब दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले चरण जो दल पस्त हो गए थे, दूसरे चरण ध्वस्त हो जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में ऐसा कोई काम नहीं है, जो बिना किसी कट-कमीशन के होता है। टीएमसी सरकार ने तो किसानों को भी नहीं छोड़ा।

## बृजभूषण सिंह को लगा दिल्ली कोर्ट से झटका कोर्ट ने दोबारा जांच की मांग ठुकराई



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह की यौन उत्पीड़न मामले में आगे की जांच की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। मामला महिला पहलवानों ने दायर किया था. सिंह ने दलील दी थी कि कथित घटना के दिन वह देश से बाहर थे। याचिका को खारिज करते हुए, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले में सिंह पर औपचारिक रूप से आरोप लगाया जाए या नहीं, इस पर फैसले के लिए 7 मई की तारीख तय की। सिंह के कानूनी प्रतिनिधि ने तर्क दिया कि दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर आधारित की। उन्होंने दावा किया कि रिकॉर्ड के अनुसार कथित घटना 7 सितंबर, 2022 को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) कार्यालय में हुई थी। हालांकि, वकील ने दावा किया कि सीडीआर को पुलिस ने रिकॉर्ड पर नहीं रखा है। ईडी की टीम पर 5 जनवरी को सुंदरबन की सीमा से लगे नदी डेल्टा संदेशखाली में उस समय हमला किया गया था, जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख शाहजहां के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान संदेशखाली में हथियारों का बड़ा जखीरा छिपा होने का इनपुट मिला था।

## जम्मू-कश्मीर के सोपोर में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

दो दिन से चल रहा ऑपरेशन, नौपोरा इलाके के घर में आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी



**श्रीनगर, एजेंसी।** उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ अभी भी जारी है। नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी। सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी दी। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार 25 अप्रैल को रात अंधेरा होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है। वहां लश्कर के डिवीजनल कमांडर उस्मान और लश्कर के संगठन टीआरएफ के कमांडर बासित डार के फंसे होने की जानकारी थी। इससे पूर्व मंगलवार को बांदीपोरा के रेंजी अरागाम में आतंकियों से मुठभेड़ में भी दो सैन्यकर्मी घायल हुए थे। पुलिस को गुरुवार दोपहर बाद पता चला कि स्वचालित हथियारों से लैस दो-तीन आतंकी सोपोर में किसी जगह अपने संपर्क सूत्र से मिलने आए हैं। ये आतंकी चुनाव के दौरान किसी वारदात को अंजाम देने का षड्यंत्र रच रहे हैं। शाम सात बजे के करीब जब सुरक्षाबल तलाशी लेते हुए आगे बढ़े तो मस्जिद से कुछ ही दूरी पर स्थित एक मकान में छिपे आतंकियों ने उन पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। करीब पांच महीने पहले 17 नवंबर को कुलगाम के एक घर में छिपे पांच आतंकी मारे गए थे। इनमें से एक नाबालिग था। एक दिन पूर्व मिली सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ था। इसी दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पांचों आतंकी जिस घर में छिपे हुए थे, क्रॉस फायरिंग के दौरान उसमें आग लग गई। आतंकियों की बॉडी ड्रोन कैमरा के जरिए देखी गई थी।

## संदेशखाली के अगरहाटी गांव पहुंची एनएसजी की बम निरोधक टीम, इलाके में हलचल तेज



**कोलकाता, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की एक बम निरोधक टीम संदेशखाली के अगरहाटी गांव पहुंची। आज सुबह से ही सीबीआई पश्चिम बंगाल में संदेशखाली मामले को लेकर कई छापेमारी कर रही है। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने हथियार भी बरामद किए हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के बीच संदेशखाली मामले में शुक्रवार की सुबह सीबीआई ने राज्य के कई इलाकों में आज छापेमारी की। छपेमारी के दौरान उन्होंने हथियार बरामत किया। सीबीआई को संदेशखाली में जांच के दौरान हथियारों का एक बड़ा जखीरा छिपे होने का इनपुट मिला था। शुक्रवार को टीम ने अभियान चलाकर विदेशी पिस्तौल समेत कई हथियार बरामत किया। कोलकाता से 100 किमी दूर सुंदरबन के सीमावर्ती इलाकों में बसा संदेशखाली में पिछले एक साल से हिंसा जारी है। दरअसल, गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता भी संदेशखाली में प्रदर्शन कर रहे हैं। शाहजहां शेख राशन घोटाले में आरोपी है और बीते दिनों ईडी टीम पर हुए हमले में भी शाहजहां शेख आरोपी है।

# एससी, एसटी और ओबीसी का अधिकार छीन मुस्लिमों को देना चाहती है कांग्रेस :जेपी नड्डा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में एक अलग माहौल बना हुआ है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, नड्डा ने दावा किया कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। जेपी नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन हमारे एससी, एसटी और ओबीसी लोगों का अधिकार छीन कर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। यही इनका छिपा हुआ एजेंडा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलमानों को देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है। इस पर कांग्रेस ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने जनता के समर्थन की कमी को देखते हुए चुनाव के दौरान ध्रुवीकरण के लिए झूठ फैलाने और सांप्रदायिक बंटवारे का सहारा लिया है। वहीं, नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस ने कर्नाटक समेत कुछ रायों में मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश की, जहां भाजपा सरकार ने आरक्षण खत्म कर दिया था। हालांकि, सिद्धारमैया सरकार ने इसे वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में भी मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था।

लोकसभा चुनाव

दूसरे चरण का मतदान खत्म

# त्रिपुरा में सबसे ज्यादा तो उत्तर प्रदेश में सबसे कम हुई वोटिंग

**बिहार में मतदान प्रतिशत में पहले चरण से वृद्धि देखी गई, यह 53.03 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश से थोड़ा ऊपर था। अधिकारियों ने बताया कि शाम पांच बजे तक किशनगंज में 56.12 प्रतिशत, कटिहार में 55.54 प्रतिशत, पूर्णिया में 55.14 प्रतिशत, भागलपुर में 47.26 प्रतिशत और बांका में 49.50 प्रतिशत मतदान हुआ उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर शाम 5 बजे तक 52.74 प्रतिशत मतदान हुआ**



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में शाम 5 बजे तक औसतन 64 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। दूसरे चरण में जिन राज्यों में मतदान हुआ, उनमें त्रिपुरा में सबसे अधिक मतदान हुआ, उसके बाद आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल का स्थान रहा। शाम 5 बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.42 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19 प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.64 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। बिहार में मतदान प्रतिशत में पहले चरण से वृद्धि देखी गई, यह 53.03 प्रतिशत के साथ उत्तर प्रदेश से थोड़ा ऊपर था। अधिकारियों ने बताया कि शाम पांच बजे तक किशनगंज में 56.12 प्रतिशत, कटिहार में 55.54 प्रतिशत, पूर्णिया में 55.14 प्रतिशत, भागलपुर में 47.26 प्रतिशत और बांका में 49.50 प्रतिशत मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर शाम 5 बजे तक 52.74 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग (ईसी) के मुताबिक, शाम 5 बजे तक अमरोहा में 61.89 प्रतिशत मतदान हुआ, इसके बाद मेरठ में 55.49 प्रतिशत, बागपत में 52.74 प्रतिशत, गाजियाबाद में 48.21 प्रतिशत, गौतम बौद्ध नगर में 51.66 प्रतिशत, बुलन्दशहर में 54.34 प्रतिशत, अलीगढ में 54.36 प्रतिशत और मथुरा में 46.96 प्रतिशत मतदान हुआ।

# नौ माह से लटका है प्रदेश में एमवीआई की तैनाती का प्रस्ताव,अब आचार संहिता हटने का इंतजार




**विशेष संवाद लखनऊ।** नौ माह पहले संभागीय निरीक्षकों आरआई को मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर एमवीआई का अधिकार सौंपने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। परिवहन आयुक्त कार्यालय पर चार सदस्यीय समिति भी बनाई गई थी। हालांकि नौ माह बीतने के बाद भी अब तक इस पर फैसला नहीं हो पाया है। हालांकि परिवहन विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता खत्म होते ही इस पर मुहर लग जाएगी। महाराष्ट्र,कर्नाटक,राजस्थान और उड़ीसा जैसे राज्यों में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर एमवीआई की तैनाती की गई है। इनके पास वाहनों की फिटनेस के मानकों की तकनीकी जानकारी होती है। यही वजह है कि वहां पर पिछले कुछ सालों में सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश में बढ़ रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी आरआई को सौंपने का प्लान तैयार किया गया था। जनवरी में उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट रीजनल इंस्पेक्टर टेक्निकल सर्विस एसोसिएशन के अधिवेशन में देश भर से अधिकारी आए थे। आंकड़ों से पता चला था कि एमवीआई के कारण अनफिट वाहनों पर रोक लगाने में काफी सहायता मिली है। इसकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं। राजधानी समेत उत्तर प्रदेश में अनफिट और अनियमित वाहनों की भरमार है। परिवहन विभाग के प्रस्ताव के मुताबिक अगर आरआई को एमवीआई का अधिकार मिलता है तो जल्द ही ये भी एआरटीओ और पीटीओ की तरह सड़क पर उतरकर वाहनों की जांच कर सकेंगे। तकनीकी रूप से अक्षम गाड़ियां एमवीआई की नजर से नहीं बच पाएंगी। इससे सड़क दुर्घटनाओं में निश्चित तौर पर कमी आएगी।

### इतने पद हैं रिक्त

उत्तर प्रदेश में आरआई के 128 पद हैं। इसमें भी मात्र 66 आरआई ही तैनात हैं। कई जिलों में बिना आरआई के काम चल रहा है। लखनऊ में भी तीन में से दो ही आरआई की तैनाती है। एसोसिएशन ने 351 आरआई की मांग की है, जिसमें 75 मोटर व्हिकल इंस्पेक्टर की भी डिमांड शामिल है। महाराष्ट्र में करीब 1800 आरआई हैं, जबकि, उत्तर प्रदेश की तुलना में महाराष्ट्र की आबादी काफी कम है। परिवहन विभाग के जानकारों का कहना है कि करीब 40 गाड़ियों पर एक आरआई होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में चार करोड़ 55 लाख वाहन हैं जबकि आरआई की संख्या सिर्फ 66 है।

- **मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर की तैनाती से सड़क हादसों पर लगेगा अंकुश**
- **आर आई की कमी से अनफिट वाहन करते हैं सड़क हादसे**

### क्या कहते है परिवहन आयुक्त

परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह का कहना है कि यह महत्वपूर्ण काम है। चुनाव के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा। महाराष्ट्र की तुलना में उत्तर प्रदेश में भी एमवीआई की तैनाती से अनफिट वाहनों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी।

# सीवर में गिरने से 8 साल के मासूम की मौत पर कड़ा एक्शन

**⇨ अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजर निलंबित**

**लखनऊ।** लखनऊ के जानकीपुरम क्षेत्र में बीते मंगलवार को सीवर में गिरने से आठ साल के मासूम की मौत मामले में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर सख्त कार्रवाई करते हुए जाँच में दोषी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया गया है। कार्यदायी संस्थान एस. के. इंटरप्राइजेज के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है। लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में एपीजे अब्दुल कलाम विवि के पास 23 अप्रैल को भंडारे से प्रसाद लेकर बहन और अन्य साथियों के साथ लौट रहा सीतापुर के अकबरपुर का रहने वाले आठ साल के शाहरुख खान की खुले सीवर में गिरने से मौत हो गयी थी। बच्चा अपने परिवार के साथ जानकीपुरम सेक्टर सात में रहता था। घटना की जानकारी होते ही नगर विकास मंत्री ने अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे जिसके उपरांत नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायरफाइटर की संयुक्त कार्यवाही से बच्चे को 18 फिट गहरे मेनहोल से रेस्क्यू करके बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। मंत्री श्री शर्मा ने मामले की विभागीय जांच कराकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात नियमित क्षेत्र का निरिक्षण न करने व अपने-अपने दायित्वों मां निर्वहन न करने पर अधिशासी अभियंता मनोज कुमार शुक्ला, अवर अभियंता गया प्रसाद सिंह और सुपरवाइसर अच्छे लाल के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही गयी है। साथ ही कार्यदायी संस्था के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है।निलम्बन अवधि में अधिशासी अभियंता जल मनोज कुमार शुक्ला को निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय से सम्बद्ध किया गया तथा निलम्बन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ से दिया जायेगा। निलम्बन अवधि में अच्छे लाल, फिटर जोन 6 कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगे तथा इनके जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान जोन-6, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ द्वारा किया जायेगा। श्री शर्मा के निर्देश पर एक प्रोफोर्मा भी तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत नगर निगम सीमा के अंतर्गत कुल मेनहोल की संख्या, ढके मेनहोल की संख्या, खुले मेनहोल की संख्या के साथ ही खुले मेनहोल को ढकने के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल मांगी गयी है।

## अखिल भारतीय ब्रहम समाज का 22 वां सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार धूमधाम से सम्पन्न

**लखनऊ।** अलीगंज हनुमान जी मंदिर निकट कपूरथला चौराहा, लखनऊ में अखिल भारतीय ब्रह्म समाज का 22वां सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह शुक्रवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व मे आयोजित कार्यक्रम मे जिसमें काशी, चित्रकूट एवं नैमिषारण्य के विद्वान आचार्यों द्वारा 85 बटुकों का जनेऊ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के कई जिलों के हजारों लोगों हिस्सा लिया।

बरुआ खिलाने से प्रात: 8 बजे शुरू होकर संस्कार, मुण्डन, यज्ञ, वेदी पूजा, भिक्षा कार्यक्रम और बैण्ड बाजे के साथ काशी पढ़ने के बाद मामाजी के द्वारा मनाये जाने के साथ सायं 5 बजे सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सनातन महासभा अध्यक्ष डा प्रवीण ने कहा कि आज से ही इन बटुकों को वेद की मुख्य शिक्षा प्रारम्भ की जायेगी। अब यह सभी विद्यार्थी नित्य त्रिकाल संध्या करेंगे व गुरुकुल में रहते हुए वेद की शिक्षा प्राप्त करेंगे जिससे आगे चलकर सम्पूर्ण समाज को अपने ज्ञान के माध्यम से धर्म व वेद का ज्ञान देंगे। इस अवसर पर विभिन्न ब्राहम्ण संगठनो के प्रतिनिधियों सहित अखिल भारतीय ब्रहम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी०पी० अवस्थी, कार्यवाहक अध्यक्ष कोमल द्विवेदी, महामंत्री देवेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष दया शंकर पाण्डेय, राम कुमार चौबे, उपमहामंत्री राम कृष्ण त्रिपाठी, संजीव गिरी, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अर्जुन द्विवेदी, हरिश्चंद्र तिवारी प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अर्जुन द्विवेदी, हरिश्चंद्र तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, महासचिव कौशिक बनर्जी, कोषाध्यक्ष गोविन्द मिश्र, सनातन महासभा अध्यक्ष डा प्रवीण, धारा नाथ मिश्र, लखनऊ जनपद अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल, सचिव शैलेन्द्र शुक्ल, कार्यवाहक सचिव रमा शंकर वाजपेयी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में लोक सभा सामान्य निर्वाचन व विधानसभा उप निर्वाचन 2024 नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ







**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार के द्वारा बताया गया कि आज 173 लखनऊ पूर्व विधानसभा के उप निर्वाचन भारतीय जनता पार्टी से ओम प्रकाश श्रीवास्तव और इंडियन नेशनल कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। उक्त के अतिरिक्त 35 लखनऊ लोकसभा में 41 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया, 34 मोहनलालगंज (अ.ज.) लोकसभा में कुल 11 नामांकन पत्रो का वितरण और 173 लखनऊ पूर्व विधानसभा में उप निर्वाचन हेतु 06 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि आज नामांकन के पहले दिन निर्वाचन के लिए हो रही तैयारियों को और नामांकन प्रक्रिया की व्यवस्थाओं को देखने के लिए लोक सभा 34 मोहनलालगंज (अ.ज.) के व्यय प्रेक्षक का आगमन कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ। पर्यवेक्षक द्वारा कलेक्ट्रेट में स्थित सभी कंट्रोल रूम, लेखा रूम, वीडियो अवलोकन टीम रूम और नामंकन कक्षों का निरीक्षण किया गया। पर्यवेक्षक द्वारा चुनाव व्यय निगरानी के लिए कलक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और सहायक व्यय पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। उक्त के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी नामांकन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया।

## समाचार

### धन्वन्तरि सेवा न्यास के राष्ट्रीय संयोजक सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ – धन्वन्तरि सेवा न्यास के राष्ट्रीय संयोजक सन्तोष पटेल संगठनात्मक कार्य हेतु लखनऊ के अर्जुनगंज क्षेत्र जाते हुए कैन्ट क्षेत्र में उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने आलमबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने शरीर के कई जगहों पर मामूली चोट बताई और प्राथमिक उपचार कर भेज दिया। प्रकरण के संज्ञान में आने पर उनके कई शुभचिंतकों ने स्वास्थ्य लाभ की कामना की, अब संतोष पटेल के स्वास्थ्य में काफी सुधार है।

### हटाये गये पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,21,70,187 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 74,24,648 तथा निजी स्थानों से 47,45,539 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,13,466, पोस्टर के 34,35,430, बैनर के 20,91,697 एवं अन्य 10,84,055 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,43,341, पोस्टर के 21,82,652 बैनर के 11,72,845 एवं अन्य 7,46,701 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में, लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 99 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 105 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने उपचुनाव के लिए किया नामांकन

**लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ पूर्वी विधानसभा से उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी हैं कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अपनी जीत का दावा कर ते हुए उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और समाज में फैली नकारात्मक ताकतों का इस उपचुनाव में वो सफाया कर देगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी हमारे इंडिया गठबंधन की जीत होगी। बता दें कि लखनऊ की पूर्वी विधानसभा सीट भाजपा विधायक आशुतोष टंडन गोपालजी के निधन के चलते रिक्त हुई है। बता दें कि इस सीट के लिए आज ही भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस के महासचिव और पार्षद हैं, साथ ही कांग्रेस प्रवक्ता के पद पर भी रह चुके हैं। शुक्रवार को उन्होंने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन में पूर्व विधायक आचार्य रामलाल और आलोक मिश्रा प्रस्तावक बने। इस दौरान मुकेश सिंह चौहान के साथ पूर्व विधायक आचार्य रामलाल, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, और क्षेत्र के हजारों समर्थकों, सहयोगियों, मित्रों, कांग्रेस और सपा इंडिया गठबंधन के नेता भी शामिल रहे।

### बीएचयू में तिरंगा झंडा लगाने की मांग,सिंह द्वार पर छात्रों का प्रदर्शन जारी

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में तिरंगा लगाने की मांग को लेकर सिंह द्वार पर छात्रों का आमरण अनशन जारी है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से एक कमेटी भी गठित कर दी गई थी। लेकिन इसके आगे की कार्रवाई ठप पड़ी है। छात्र विवेक सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारी राष्ट्रीय ध्वज लगवाने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों की देशभक्ति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को वीसी के आग्रह से हमने अपना आमरण अनशन 9 अप्रैल को समाप्त कर दिया था। उस समय कहा गया था कि एक हफ्ते के अंदर काशी हिंदू विश्वविद्यालय कैंपस के अंदर विशाल तिरंगा झंडा लगा दिया जाएगा। तिरंगा झंडा आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता विवेक सिंह, अभिषेक की आज भूख हड़ताल और आमरण अनशन के तीसरे दिन तबियत खराब हो गई। डॉक्टरों की टीम इलाज करने पहुंची। सूचना मिलने पर मौके पर प्राक्टोरियल बोर्ड भी पहुंची। मौके पर मौजूद छात्रों ने बताया कि विवेक सिंह के खून तथा अन्य चीजों की जांच भी डॉक्टरों ने किया। विवेक सिंह ने ये भी कहा कि परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लगाने का आदेश आने तक मैं अनशन पर रहूंगा। डीन ऑफस्टूडेंट प्रो. एके नेमा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों को मांग को ध्यान में रखते हुए तीन सदस्यीय टीम को गठित किया गया। कमेटी द्वारा अभी रिपोर्ट नहीं दिया है। यह जानकारी छात्रों को दी गई हैंध। छात्रों के पुनः मांग को संज्ञान मे लेकर कमेटी को जल्द से जल्द रिपोर्ट देनी को कहा गया हैं। मौजूदा समय में छात्र गर्मी में धरना दे रहे हैं। यह सही नहीं है उनको थोड़ा इंतजार को करना चाहिए।


### अस्सी क्षेत्र में बना तीन अवैध दुकान हुआ सीज,नगर निगम के भूमि पर हुआ था निर्माण

**वाराणसी।** वाराणसी नगर निगम द्वारा अस्सी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई है। सरकारी भूमि पर कब्जा कर दुकानों का निर्माण करा रहे दुकानों पर तालाबन्दी करते हुये सील किया गया। दरअसल,अस्सी घाट के समीप दुकानों का निर्माण कराया गया था। जिसकी सूचना नगर निगम राजस्व विभाग अधिकारी को हुई। जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी अनिल यादव ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि अस्सी क्षेत्र में नगर निगम की सरकारी भूमि पर किसी व्यक्ति के द्वारा कब्जा कर अवैध रूप से तीन दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। इसको संज्ञान में लेकर तत्काल नायब तहसीलदार एवं सर्वेअर की टीम को मौके पर उपस्थित होकर जाँच करने हेतु निर्देशित किया गया। राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी अनिल यादव ने कहा कि जाँच में पाया गया कि उक्त भूमि नगर निगम अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है, जिस पर नगर निगम की टीम द्वारा तत्काल सील करने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सम्बन्धित कब्जादार द्वारा मौके पर विरोध किया गया।

# सीवर में गिरने से 8 साल के मासूम की मौत पर हुई सख्त कार्रवाई

**● नगर विकास मंत्री के निर्देश पर जाँच में दोषी पाए गए कर्मियों पर हुई कार्रवाई**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ – राजधानी के जानकीपुरम क्षेत्र में बीते मंगलवार को सीवर में गिरने से आठ साल के मासूम की मौत मामले में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के निर्देश पर सख्त कार्रवाई करते हुए जाँच के उपरांत दोषी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कार्यदायी संस्थान एस. के. इंटरप्राइजेज के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है। लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में एपीजे अब्दुल कलाम विवि के पास मंगलवार (23 अप्रैल 2024) को भंडारे से प्रसाद लेकर बहन और अन्य साथियों के साथ लौट रहा सीतापुर के अकबरपुर का रहने वाले आठ साल के शाहरुख खान की खुले सीवर में गिरने से मौत हो गयी थी। बच्चा अपने परिवार के साथ जानकीपुरम सेक्टर सात में रहता था। घटना की जानकारी होते ही नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिसके उपरांत नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायरफाइटर की संयुक्त कार्यवाही से बच्चे को 18 फिट गहरे मेनहोल से रेस्क्यू करके बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। मंत्री श्री शर्मा ने मामले की विभागीय जांच कराकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात नियमित क्षेत्र का निरिक्षण न करने व अपने-अपने दायित्वों मां निर्वहन न करने पर अधिशासी अभियंता मनोज कुमार शुक्ला, अवर अभियंता गया प्रसाद सिंह और सुपरवाइसर अच्छे लाल के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही गयी है। साथ ही कार्यदायी संस्था के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है। निलम्बन अवधि में अधिशासी अभियंता (जल) मनोज कुमार शुक्ला को निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय से सम्बद्ध किया गया तथा निलम्बन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ से दिया जायेगा। वहीं निलम्बन अवधि में श्री अच्छे लाल, फिटर जोन 6 कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगे तथा इनके जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान जोन-6, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ द्वारा किया जायेगा। मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देश पर एक प्रोफोर्मा भी तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत नगर निगम सीमा के अंतर्गत कुल मेनहोल की संख्या, ढके मेनहोल की संख्या, खुले मेनहोल की संख्या के साथ ही खुले मेनहोल को ढकने के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल मांगी गयी है। जिससे इस प्रकार की गंभीर घटनाओं पर विराम लगाया जा सके।

## परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद के अंतर को लेकर जनता से करेंगे संवाद: धर्मपाल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आज फिरोजाबाद में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब, किसान, युवा व महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूरा करना है। परिवारवाद बनाम राष्ट्रवाद के बीच के अंतर को लेकर जनता से संवाद करना है। कांग्रेस, सपा, बसपा सहित सभी विपक्षी दल कुनबे की मजबूती और युवराजों की ताजपोशी के लिए राजनीति कर रहे है।

गरीब के पक्के घर के सपने, 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन, किसानों की सम्मान निधि, निशुल्क ईलाज की सुविधा को दलाली तथा कमीशनखोरी करके इंडी गठबंधन के लोग गरीबों के हक को हड़पना चाहते है। इंडी गठबंधन तुष्टिकरण की राजनीति से देश में खत्म हो चुके आतंकवाद तथा नक्सलबाद को फिर जिंदा करना चाहता है। कांग्रेस देश के बहुसंख्यक नागरिकों की मेहनत से कमाई गई संपत्तियों पर कब्जा करके उसे दंगाई, बलबाइयों, उन्मादियों व घुसपठियों के बीच बांटना चाहते है। यह सत्य प्रत्येक बूथ, प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचने का काम करना है। धर्मपाल सिंह जिला भाजपा कार्यालय, फिरोजाबाद में लोकसभा संचालन समिति एवं विधानसभा के प्रभारी, संयोजकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में लक्ष्य 80 और अबकी बार 400 पार के लिए चुनाव तक पदाधिकारियों, नेताओ, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओं को मतदान पूर्ण होने तक मिलकर व जुटकर काम करना है। पन्ना प्रमुखों की मजबूत संरचना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारी की योजनाएं तथा ऐतिहासिक निर्णय को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

# गोकशी की छूट देना चाहती है कांग्रेस : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंडी गठबंधन और इसके प्रमुख घटक कांग्रेस के मेनिफेस्टो को लेकर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खाने की छूट देना चाहते हैं, गोकशी की छूट देने की बात कर रहे हैं। ये बेशर्म लोग हमारी गाय को खाने की छूट देंगे, जबकि हमारा शास्त्र गाय को विश्व माता कहता है, उस गाय को ये कसाइयों के हाथों देंगे, क्या हिन्दुस्तान कभी इसे स्वीकार करेगा? मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी मुरादाबाद में बीजेपी प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशवासियों और महिलाओं की संपत्तियों को जब्त कर रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में बांटना चाहती है। कांग्रेस मेनिफेस्टो के जरिए देशवासियों की संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात कहती है। इसका मतलब अगर किसी के घर में चार कमरे हैं तो चार में से दो को कब्जे में ले लेंगे। प कांग्रेस कहती है कि महिलाओं के जेवर को भी अपने कब्जे में ले लेंगे। हिन्दुस्तान इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 2004 से 2014 के बीच यूपीए की सरकार में इन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का काम किया था। उन्होंने सच्चर कमेटी और जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इसे लागू करके पिछड़ी जाति के आरक्षण में से 6 प्रतिशत मुसलमानों को देना चाहती है। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। योगी ने सवाल पूछा कि अगर ऐसा है तो गरीब, पिछड़ा और दलित कहां जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के विभाजन के लिए फिर से साजिश रची रही है। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सुनने में आया है कि भाई-बहन दोनों अयोध्या जाना चाहते हैं। जब सरकार थी तब ये लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं, अब कहते हैं कि राम सबके हैं। यही इनका दोहरा चरित्र है। इनपर हमें विश्वस नहीं करना है। जब भी मौका मिलेगा ये धोखा देंगे। हमें धोखेबाज और भ्रष्टाचारियों से नहीं, बल्कि हिन्दुस्तान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाने वाली सरकार चाहिए। हमारा वोट उन लोगों को नहीं मिलना चाहिए जो भारत माता की जय जयकार और वंदे मातरम गाने से भी संकोच करते हैं। ऐसे लोगों को वोट देने का मतलब भारत के खिलाफ साजिश करने वालों को सम्मान देने जैसा होगा। हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए ऐसी सरकार को बनाने पर जोर देना होगा, जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया हो। संभल में कमल खिलने का मतलब यहां के सुरक्षा की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि जबसे आपने यूपी में बीजेपी की सरकार बनाई है, दंगाई को पता चल गया है कि दंगा कराया तो राम नाम सत्य है कि यात्रा निकल जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे धार्मिक शास्त्र कहते हैं कि कलियुग में यहां पर कल्कि अवतार होगा। अधर्मी, अत्याचारियों और अन्यायियों को सही जगह पर पहुंचाने का कार्य करेंगे कल्कि भगवान और इसका आधार बनेगा कमल का निशान। उन्होंने कहा कि आप सभी को परमेश्वर लाल सैनी बनकर घर घर जाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का ये चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। ये देश हमारा है, जीवन हमारा है, सुरक्षा हमारी है और वोट भी हमारा है, तो सरकार भी हमारी होनी चाहिए। पूरे देश से एक ही आवाज आ रही है 'अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार'इस अवसर पर संभल से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, लोकसभा प्रभारी राकेश सिंह, संयोजक पंकज गुप्ता, भुवनेश राघव, अनामिका यादव सहित भाजपा और रालोद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एनबीएफजीआर ने किया स्कूली बच्चों में बौद्धिक संपदा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** स्कूली बच्चों में नवाचार और रचनात्मकता का बीज प्रफुटित करने के उद्देश्य से एनबीएफजीआर के तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्ली पश्चिम में 'हैप्पी इनोवेशन ऑवर' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों की कल्पना और रचनात्मकता को प्रज्वलित करने के लिए डिजाइन किए गए नए आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन सोच को प्रोत्साहित करते हुए बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था। उत्साही प्रतिभागियों ने कॉपीराइट, डिजाइन, ट्रेडमार्क और पेटेंट सहित बौद्धिक संपदा अधिकारों की बारीकियों को जानने के लिए काफी उत्सुकता दिखाई। इंटरैक्टिव सत्रो, काल्पनिक समस्या-समाधान अभ्यासों के माध्यम से बच्चों ने दर्शकों पर एक स्थायी छाप छोड़ते हुए अपनी कल्पनाशील सोच और समस्या को सुलझाने के कौशल का प्रदर्शन किया। अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में बच्चों को कल्ली पश्चिम के स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए स्टेशनरी और स्नैक्स से भरे रचनात्मक रूप से डिजाइन किए गए जूट पाउच प्राप्त करने में प्रसन्नता हुई। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा तात्कालिक प्रदर्शन भी किया गया। डॉ. यूके सरकार, निदेशक, भाकृअनुप एनबीएफजीआर, और डॉ. पूनम जयंत सिंह, आईसी आईटीएमयू, ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करते हुए समन्वय और निष्पादन का नेतृत्व किया। 200 उत्साही प्रतिभागियों के साथ इस कार्यक्रम ने न केवल उपस्थित बच्चों को प्रेरित किया।

# निजी स्वास्थ्य सेवा में सुधार की तत्काल आवश्यकता

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर सम्बंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है। और यह संख्या हर साल बढ़ रही है,खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है। यह परिदृश्य हाल ही में जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं। अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं - न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है। लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए। यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है। बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48फीसदी) में सरकारी अस्पतालों (14फीसदी) की तुलना में तीन गुना अधिक है।

चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15फीसदी अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में ये कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा। रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैंरू प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकारय चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकारय दूसरी राय लेने का अधिकारय पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकारय गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकारय और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे। भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिकारिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर (कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमजोर संस्करण नहीं) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, रोगियों की निजी अस्पतालों से सम्बंधित गंभीर शिकायतों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में मेडिकल काउंसिल जैसे मौजूदा तंत्र की विफलता को देखते हुए जरूरी है कि जिला स्तरीय उपयोगकर्ता-अनुकूल शिकायत निवारण प्रणाली शुरू हो, जिसकी निगरानी विविध हितधारकों द्वारा हो। जन स्वास्थ्य अभियान के घोषणापत्र में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर लगाम कसने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा से सम्बंधित कुछ उपायों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें विशेष रूप से व्यावसायिक निजी मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने की तत्काल आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनकी फीस सरकारी मेडिकल कॉलेजों से अधिक न हो। इसके अलावा, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार व्यावसायिक निजी संस्थानों की बजाय सरकारी कॉलेजों पर आधारित होना चाहिए। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को स्वतंत्र, बहु-हितधारक समीक्षा और सुधार की आवश्यकता है। इस निकाय की



आलोचना होती रही है कि इसमें विविध हितधारकों के प्रतिनिधित्व का अभाव है, निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत है और चिकित्सा शिक्षा को अधिक व्यावसायिक बनाने का रुझान है। इसके अलावा, राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के पुनर्गठन की भी आवश्यकता है। वर्तमान स्वरूप में यह परीक्षा कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए घाटे का सौदा प्रतीत हो रही है और राज्यों से स्वयं की मेडिकल प्रवेश प्रक्रियाओं को निर्धारित करने की स्वायत्तता छीन रही है। जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक-केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और जरूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है। थाईलैंड के स्वास्थ्य सेवा तंत्र जैसे सफल मॉडलों का उदाहरण लेते हुए, भारत में भी मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक अधिकार-आधारित पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। आज, सभी राजनीतिक दलों को इन परिवर्तनों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जबकि एक नागरिक होने की हैसियत से हमें दृढ़तापूर्वक इनकी मांग करनी चाहिए। भारत में 2024 का विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का यही सबसे उपयुक्त तरीका होगा।

# संपादकीय

## मतदान के दूसरे चरण में किसे बढ़त?

पहले चरण में संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया द्वारा बढ़त लेते हुए दिखने के बाद अब इस बात की उत्सुकता बढ़ गई है कि 18वीं लोकसभा के लिये शुक्रवार को होने जा रहे मतदान के दूसरे चरण में कौन आगे निकल जायेगा। यह भी सवाल है कि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके गठबन्धन यानी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) को नुकसान भरपाई करने का मौका मिलेगा या इंडिया इसके बाद ऐसी बढ़त बना लेगा कि भाजपा-एनडीए को उसकी बराबरी कर पाना मुश्किल हो जायेगा? राजनीतिक पर्यवेक्षकों तथा विश्लेषकों का मानना है कि अगर इंडिया ने इस राउंड में एनडीए को पहले जैसी टक्कर दी तो भाजपा का 370 व 400 सीटों के पार जाने का नारा तो हवा में उड़ ही जायेगा, उसे बहुमत (272 का आंकड़ा) के भी लाले पड़ जायेंगे। अनुमान कुछ ऐसे ही बतलाये जा रहे हैं। एक सप्ताह पहले यानी 19 नवम्बर को 21 राज्यों की 102 सीटों के लिये मतदान हुआ था। अब 13 राज्यों की 88 सीटों के लिये मतदान होने जा रहा है। इस चक्र का महत्व सिर्फ इस लिहाज से नहीं है कि इसमें राहुल गांधी (वायनाड-केरल), अरूण गोविल (मेरठ-उत्तर प्रदेश), शशि थरूर (तिरुअनंतपुरम-केरल), कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक-मांड्या) आदि की प्रतिष्ठा दांव पर है या इस राउंड में 16 फीसदी सीटों के लिये लोग मतदान करेंगे, बल्कि वह इसलिये है कि अब लगभग सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि इसमें भी इंडिया को बढ़त मिलने की पूरी सम्भावना है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया की हुई विशाल रैली में दावा किया था कि पहले चरण में विपक्षी गठबन्धन को 80 से 90 सीटें मिल रही हैं। यह सभा वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ 21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। वैसे लोग यह दावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी प्रचार सभाओं में इस्तेमाल की जा रही भाषा से भी कर रहे हैं जिसके स्तर में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज हुई है। प्रथम चरण के मतदान के बाद ही मोदी ने अनेक ऐसी बातें कही हैं जिनसे न सिर्फ उनके पद की गरिमा और भी गिरी है वरन वह समाज के लिये ही खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रचार रैली को सम्बोधित करते हुए 18 वर्ष पहले दिये तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के उस बयान को तोड़-मरोड़कर उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि श्देश के संसाधनों पर पहला अधिकार भारत के वंचितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि का हैश् इस बयान को बड़े ही घृणित तरीके से प्रस्तुत करते हुए मोदी ने कहा कि श्अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मंगलसूत्र छीनकर अधिक बच्चे वालों के बीच बांट दिये जायेंगे

## रेल रोकने का औचित्य

पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित शंभू रेलवे स्टेशन में जारी किसानों के आंदोलन के चलते रेल यात्रियों को बिना किसी अपराध के सजा भुगतनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर रेलवे को भी भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से रोज 40 से 50 ट्रेनें रद्द की जा रही हैं। यात्रियों को ज्यादा समय व पैसा लगाकर अपने गंतव्य स्थानों तक जाना पड़ रहा है। रेलवे के पार्सल बुकिंग केंद्र में भी पचास फीसदी की कमी आने की बात बतायी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया ही जाना चाहिए। वे लंबे समय से आंदोलनरत रहे हैं। ऐसे में सत्ताधीशों का भी नैतिक दायित्व बनता था कि वे किसानों से बातचीत की टेबल पर बैठकर बात करते। जिससे सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता। वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देशकाल-परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था। देश इस समय चुनावी मूड में है। कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है। किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी। किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए। कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिये टिकट आरक्षित करवाते हैं। कई महीने पहले एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है। फिर एक दिन यात्रा से ठीक पहले पता चलता है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है। आंदोलनकारियों को सोचना चाहिए कि उस ट्रेन से कोई मरीज कहीं दूर उपचार हेतु जा रहा होगा। कहीं कोई बेरोजगार नौकरी के लिये साक्षात्कार देने जा रहा होगा। हो सकता है कि सही समय पर न पहुंच पाने के कारण कई छात्र परीक्षा या नौकरी पाने से वंचित हो गए होंगे। समय-समय पर देश की शीर्ष अदालत के मार्गदर्शक फैसले आते रहे हैं कि हमें किसी आंदोलन के नाम पर नागरिक जीवन को बंधक नहीं बनाना चाहिए। यदि आंदोलनकारियों के अधिकार हैं तो आम नागरिकों के भी अपने अधिकार हैं। एक पुरानी कहावत है कि जहां से दूसरे व्यक्ति की नाक शुरू होती है, वहां पर पहले व्यक्ति की आजादी खत्म हो जाती है। यानी हमारी किसी भी तरह की आजादी का मतलब किसी की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। वैसे भी एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर भी हमें सोचना चाहिए कि यातायात के साधनों, वह चाहे बस हो या ट्रेन, के परिचालन में बाधा डालना एक अपराध जैसा है। ट्रेन को थामना देश के विकास के पहिये थामने जैसा ही है। हमारे कारोबार, जीवन व्यवहार, तीर्थाटन तथा सेना के आवागमन को गति देने वाली ट्रेनों को रोकना निस्संदेह, दुर्भाग्यपूर्ण ही है। निश्चित रूप से इसमें हमारे देश के नीति-नियंताओं को भी सोचना चाहिए।

# चण्डीगढ़ से सूरत वाया खजुराहो: वन पार्टी और नो इलेक्शन

सूरत में जो हादसा हुआ है वह किसी भी सभ्य समाज और परिपक्व लोकतंत्र पर एक बदसूरत धब्बा है। जैसा कि अब तक लगभग सब जान चुके हैं कि इस संसदीय क्षेत्र के चुनाव अधिकारी, जो आम तौर से कलेक्टर होता है, ने 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में सूरत संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया है। यह काम जिस तरह से किया गया है वह इंडिया दैट इज भारत में जनादेश की चोरी से शुरू हुई यात्रा के लोकतंत्र के अपहरण से होते हुए मताधिकार की लूट की खतरनाक स्थिति पहुंच जाने के संकेत देता है। यह दोहराने में हर्ज नहीं है कि जैसा सूरत में हुआ वैसे निर्विरोध निर्वाचन के लिए जरूरी होता है कि सिर्फ एक प्रत्याशी बचे- उसके सामने कोई न हो। अब ऐसा अपने आप तो होने से रहा। लिहाजा सबसे पहले तो उनके विरुद्ध इंडिया गठबंधन के साझे उम्मीदवार, कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुम्भानी और उनके डमी उम्मीदवार सुरेश पाडसाला का नामांकन रद्द शकरवायाश् गया उसके बाद बाकी बसपा और 3 छोटी पार्टियों जिनमे सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर बनी पार्टी भी शामिल थी. के उम्मीदवारों को शिबठवायाश् गया और इस तरह भाजपा के मुकेश भाई दलाल को जितवाया गया । भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने खुद कह दिया कि शिनर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव मैदान से हटाने के लिए प्रयत्न किये थे। अब यह कैसे हुआ होगा इसका पक्का अनुमान लगाने के लिए राकेट साईंस का ज्ञाता होने की आवश्यकता नहीं है । दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले देश के लिए यह सचमुच अशुभ और अशोभनीय दोनों है। इससे पहले, इसी तरह का काम दूसरे तरीके से मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट, जहां से भाजपा के मध्यप्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं, पर किया गया। यहां से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीरा दीपक यादव का नामांकन पत्र भी खारिज करवा दिया गया । इसका आधार प्रत्याशी द्वारा हस्ताक्षर न किया जाना बताया गया - जबकि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी नामांकन फॉर्म को अधूरा भरा होने की वजह से रद्द नहीं किया जा सकता। साफ प्रावधान है कि यदि प्रत्याशी से कोई जगह भरने से छूट जाती है तो उसका सुधार कराने की जिम्मेदारी स्वयं निर्वाचन अधिकारी की है। निर्वाचन कार्यालय में ठीक इसी काम के लिए दो दर्जन से ज्यादा अधिकारी कर्मचारी तैनात रहते हैं। मगर जब सैयां ही कोतवाल हैं, सैयां ही सीएम और पीएम हैं, उन्हीं के हुकूमबरदार चुनाव आयोग में हैं तो काहे के निर्देश, कैसे कानून!! सूरत काण्ड ने नोटा- इनमें से कोई नहीं- के स्वांग की भी कलई उतार दी है। सैद्धांतिक रूप से यदि एक के अलावा दूसरा उम्मीदवार नहीं था तब भी नोटा ने तो नाम वापस नहीं लिया था, उन्हें तो इस कथित रूप से निर्विरोध चुने गए दलाल को अस्वीकार करने का अवसर दिया जाना चाहिए था । केन्द्रीय चुनाव आयोग को इसे सुनिश्चित करना चाहिए था। पहले इस तरह के छल, धनबल, बाहुबल की प्रपंची कारगुजारियां पंची और सरपंची के चुनाव में आजमाई जाती थीं, कालेजों के छात्र संघ चुनावों और सहकारिताओं में अपनाई जाती थीं। इन दिनों वहां भी ये पहले की तुलना में कम हुई हैं। लोकसभा चुनाव में तो इस तरह की खुले खजाने निर्लज्जता के ये पहले उदाहरण हैं। कुछ महीने पहले चंडीगढ़ में यह काम अलग तरीके से किया गया था। इसीलिए यह सिर्फ सूरत भर की बात नहीं है। भारतीय प्रायद्वीप के नामचीन शायर रघुपति सहाय फिराकघ् गोरखपुरी साहब ने एक शेर में कहा है कि यजिसे सूरत बताते हैं पता देती है सीरत काइबारत देख कर जिस तरह मानी जान लेते हैं।इस तर्ज पर कहें तो सूरत में जो हुआ वह इस देश के लोकतंत्र की आज की जो सीरत है उसका उदाहरण है । पिछले 10 वर्षों से इस देश में संविधान और संविधान सम्मत संस्थाओं के साथ जो हो रहा है उसका भयावह और विद्रूप संस्करण हैं । यह कॉरपोरेटी हिन्दुत्व द्वारा मोदी राज की दो पंचवर्षीय अवधि में तैयार किया गया आगामी भारत का सांचा है। अगर इनकी चली और इसी तरह चली तो चंडीगढ़ से बरास्ते खजुराहो सूरत तक पहुंचना, आने वाले दिनों की सीरत की बानगी भी है। यह इन 10 वर्षों में जिन कारपोरेट घरानों के लिए छप्परफाड़ मुनाफे कमवाये गए हैं उनकी छीजन के सहारे तंत्र पर कब्जा करके लोक से अपना जन प्रतिनिधि चुनने के जनता के मूलभूत अधिकार का अपहरण है। अब तक जनादेश चुराने, चुनी चुनाई सरकारों को अगवा कर भगवा बनाने, सांसदों, विधायकों, गुटों. समूहों, दलों को ईडी, सीबीआई से डरा कर, लालच प्रलोभन से लुभाकर खरीदे जाने की कार्यनीति अपनाई जा रही थी- अब उस आड़ को भी छोड़ दिया गया हैय थैलियों और नौकरशाहों की दम पर सीधे सांसदी ही अपहृत की जा रही है। लूट की हिस्सेदारी में वसूली गई अकूत कमाई और उसकी तलछट के एक रूप इलेक्टोरल बांड में इकट्ठा किया हजारों करोड़ रुपया इसी तरह के दलदल पैदा कर सकता है। ये दलदल भारतीय लोकतंत्र को हमेशा के लिए डुबो देने की विनाशकारी ताकत रखता है। इस दलदल तक बहला फुसला कर लाने के सारे प्रबंध पहले ही किये जा चुके हैं। चुनाव आयोग में नियुक्ति के तरीके को बदलने के पीछे का कपट सामने आ चुका है। किसी टीवी चौनल ने इस खबर के अन्दर की खबर नहीं ढूंढी, अभी तक जितने अखबार देखे हैं उनमें से किसी में भी लोकतंत्र को धर दबोच कर हलाल किये जाने के इस कारनामे पर सम्पादकीय नहीं मिला। हां, इससे उलटा जरूर हुआ है, नफरतियों की आईटी सैल ने इसे अबकी बार, 400 पार की यात्रा का पहला मुंडाभिषेक बताते हुए अपना श्रगाल-रोदन शुरू कर दिया है। उनमें से कुछ तो ऐसा होने की वजह से उम्मीदवारों का खर्चा बचने, कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी की व्याधा से बचने और चुनाव में खर्च होने वाला सरकारी पैसा बचने का महात्म्य समझाने में जुट भी गए हैं। चंडीगढ़ से वाया खजुराहो सूरत ने बता दिया है कि सता-संरक्षित, कॉरपोरेट आश्रित दुल्लों और गली मुहल्लों के शोहदों के चंगुल में लोकतंत्र का पहुंचा दिया जाना ही वन नेशन वन इलेक्शन का मॉडल है और उसका असली अर्थ है वन पार्टी नो इलेक्शन। उन्हें किसी भी तरह का चुनाव नहीं चाहिए। चूंकि चुनाव 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हर भारतीय को उसकी जाति, वर्ण, नस्ल. भाषा, आदमी, औरत, गरीबी, अमीरी का फर्क किये बिना बराबर के वोट का वोट का अधिकार देता है, भले एक दिन के लिए, एक ही मामले में ही सही सबको सामान बना देता है- इसलिए चुनाव नहीं चाहिए। मोदी जिस हिंदुत्व पर आधारित राष्ट्र बनाना चाहते हैं उस भूतिया तहखाने के आर्कीटेक्ट राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का साफ-साफमानना है कि लोकतंत्र मुंड गणना है।

# तीसरे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की पैरवी

**अभी तक सीपीएम के बारे में यह माना जाता था कि वह विचारधारा पर आधारित पार्टी है। लेकिन वह अपने विदेशी स्वभाव के कारण सौ साल बीत जाने पर भी हिंदुस्तान में अपने पैर नहीं जमा सकी। समाप्ति के इस अंतिम चरण में उसने भी किसी न किसी तरह 'सांस चलती रहे' के सूत्र को आधार मान कर कांग्रेस के साथ गठबंधन करके अपनी स्थिति हास्यास्पद बना ली है**

पिछले कुछ दिनों से राहुल गांधी देश में घूम-घूम कर बराबर मांग कर रहे हैं कि झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते भाजपा सरकार ने जेल भेज दिया है, लेकिन भ्रष्टाचार के इसी प्रकार के आरोपों के कारण केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? राहुल गांधी का कहना है कि विजयन को बिना देर किए तुरंत गिरफ्तार कर लेना चाहिए। राहुल गांधी को गुस्सा और आश्चर्य है कि उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? वे इसका विश्लेषण करते हुए कहते हैं कि केरल में भारतीय जनता पार्टी पिनराई विजयन से मिली हुई है। यहां यह बताना जरूरी है कि पिनराई विजयन सीपीएम के नेता हैं और सीपीएम तथाकथित इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी की कांग्रेस की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी है। राहुल गांधी के देश के कम्युनिस्टों से कैसे संबंध हैं, इस पृष्ठभूमि में यह जान लेना भी जरूरी है। इसका सामान्य उत्तर तो यही होगा कि बहुत अच्छे हैं। यह भी कहा जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से तो इतने अच्छे हो गए हैं कि बहुत से कम्युनिस्ट कांग्रेस पार्टी में ही चले गए हैं और उन्होंने वहां राहुल गांधी के रथ की कमान ही संभाल रखी है। उनमें से कुछ ने कांग्रेस के नीति पत्र लिखने का काम संभाल लिया है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के सभी लोगों का सर्वे करवाएगी और पता करेगी कि लोगों के पास क्या-क्या है। फिर उसे जरूरतमंदों में रिडिस्ट्रिब्यूट करेगी। अब किन लोगों में करेगी, इसको लेकर नरेंद्र मोदी ने अपनी आशंका व्यक्त की है कि कांग्रेस यह पैसा देश में घुस आए अवैध घुसपैठियों में बांट देगी। कांग्रेस का सारा मामला कार्ल मार्क्स वाला बनता जा रहा है।

कम्युनिस्ट भी बहुत खुश थे। सभी रैलियों में वे राहुल गांधी के साथ मंच पर खड़े होकर हाथ लहरा लहरा कर अपनी खुशी का इजहार करते थे। लेकिन इस बीच एक घटना हो गई। राहुल गांधी लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में केरल के वायनाड से खड़े हो गए। कम्युनिस्टों ने संकेतों में उन्हें समझाया भी कि इधर मत आया करो। उधर हिंदी पट्टी से ही चुनाव लड़ा करो। लेकिन राहुल गांधी नहीं माने। वे जानते हैं कि हिंदी पट्टी बहुत तप रही है। वहां चुनाव लडना अब खतरे से खाली नहीं रहा। 2019 की चोट राहुल गांधी भूले नहीं हैं। इसलिए वे फिर वायनाड में दिखाई देने लगे। स्वाभाविक है कम्युनिस्टों को गुस्सा आता और यह गुस्सा आ भी रहा है। जब दो गहरे मित्र लड़ते हैं तो कई बार मामला बहुत बढ़ जाता है और अजीब अजीब रहस्योद्घाटन होने लगते हैं। राहुल गांधी और कम्युनिस्टों के मामले में भी ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी ने पिनराई विजयन को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी है। जाहिर है इससे लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट को भी गुस्सा आता। केरल में सीपीएम ने कुछ दलों को साथ लेकर एलडीएफ यानी लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट बना रखा है। मोर्चा ने भी राहुल गांधी को लेकर कुछ मांगें करनी शुरू कर दीं। लेकिन ताज्जुब है कि मोर्चा ऐसी मांगें कर रहा है, जो अपने स्वरूप में राजनीतिक न होकर मौलिक प्रकार की हैं। मोर्चा के एक विधायक पीवी अनवर ने मांग की है कि राहुल गांधी के डीएनए की तुरंत जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल इस देश में चौथे दर्जे के नागरिक हैं और उन्हें अपने नाम से तुरंत गांधी नाम हटा देना चाहिए। अनवर की इस मांग के कारण दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। राहुल गांधी कहते हैं कि पिनराई विजयन को भ्रष्टाचार के चलते गिरफ्तार करो और मोर्चा कहता है कि राहुल गांधी का डीएनए टैस्ट कराओ। मामला गम्भीर होता देख पत्रकारों के मन में आया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से भी बात कर लेनी चाहिए। लेकिन विजयन तो उससे पहले ही सक्रिय हो गए थे। उन्होंने एक चुनावी सभा में राहुल पर एक बहुत ही गहरा प्रहार किया। इस प्रहार की मारक क्षमता को मध्य काल के हिंदी कवि बिहारी के एक दोहे की सहायता से समझा जा सकता है। बिहारी के दोहों के बारे में कहा जाता है, 'देखन में छोटे लगें, घाव करें गम्भीर।'

विजयन का जनसभा में किया गया प्रहार ऊपर से देखने से तो मामूली लगता है, लेकिन घाव बहुत गहरा कर गया है। पूरा सोनिया परिवार मरहम पट्टी करने में व्यस्त है। पिनराई विजयन ने कहा, 'राहुल जी, अतीत में आपको एक नाम से संबोधित किया गया था। अब ऐसी बातें मत करो जिससे लगे कि आप अभी तक वहीं के वहीं खड़े हो।' उस समय तो जनसभा में बैठे बहुत से श्रोता भी नहीं समझ सके कि कामरेड विजयन क्या कह रहे हैं, लेकिन दो-तीन घंटों में ही केरल के चैनलों ने अर्थ समझाना शुरू कर दिया। दरअसल 2011 में केरल के ही उस समय के मुख्यमंत्री कामरेड अच्युतानंदन ने राहुल के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि वह तो 'अमूल बेबी' है। उस समय से केरल में राहुल गांधी को अमूल बेबी कहा जाने लगा था। बाद में उत्तर भारत में राहुल गांधी को पप्पू कहा जाने लगा। सोनिया परिवार के लिए राहुल गांधी के इस तरह के नामों से छुटकारा पाना भी एक राजनीतिक समस्या ही बन गई। कुछ महीने पहले जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली तो प्रियंका गांधी से पत्रकारों ने पूछा था कि इस यात्रा की उपलब्धियां क्या हैं, तो तब प्रियंका ने एक उपलब्धि यह भी बताई थी कि इस यात्रा से लोगों को पता चल गया है कि राहुल अब पप्पू नहीं रहा, उससे बहुत आगे निकल चुका है। लेकिन अब 2024 में विजयन निराश हैं कि राहुल बौद्धिक स्तर पर अभी भी 2011 में ही रुके हुए हैं, यानी 'अमूल बेबी'। इस सबके बावजूद कांग्रेस और सीपीएम देश भर में सांझी चुनाव रैलियां भी कर रहे हैं। इन रैलियों में राहुल भी होते हैं और सीपीएम के दिग्गज भी। पर धुकधुकी दोनों को लगी रहती है। कामरेड डरे रहते हैं कि कहीं राहुल मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की गिरफ्तारी की मांग न कर दें, और कांग्रेस वाले डरे रहते हैं कि कहीं कामरेड राहुल गांधी के डीएनए की जांच की मांग न कर दें। यही हालत पंजाब में है।

चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के भगवंत मान कहते हैं कि कांग्रेस से अच्छी कोई पार्टी नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**:- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

**वृषभ**:- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

**मिथुन**:- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

**कर्क**:- गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक वातावरण में शांति बनी रहेगी।

**सिंह**:- आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेगा। विद्यार्थियों को कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**:- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

**तुला**:- आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। कार्य समयानुसार पूर्ण नहीं होंगे। व्यवसाय में भी संभलकर चलने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**वृश्चिक**:- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

**धनु**:- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**मकर**:- सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं। स्वास्थ्य को संभालिएगा। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखिएगा।

हिन्दी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित
शनिवार, 27 अप्रैल, 2024


# खंडहर में तब्दील हुआ रोडवेज बस स्टेशन

**➲ करोड़ो की जमीन पर दबंगो की नजर ➲ पहले चलती थीं यहां से चकिया, मिर्ज़ापुर के लिए रोडवेज की बसें**



**अहरौरा मिर्जापुर।** अहरौरा के बुढ़ादेई मोहल्ले में स्थित रोडवेज बस स्टेशन खंडहर में तब्दील हो गया है बस स्टेशन के करोड़ों की जमीन पर दबंगों की नजर लगी हुई है। नगर पालिका क्षेत्र अहरौरा के बूढ़ा देई मोहल्ले में स्थित रोडवेज बस स्टेशन कभी गुलजार हुआ करता था और यहां से चकिया चंदौली, जिला मुख्यालय मिर्जापुर के लिए बसे चलती थी।

इसके साथ है सोनभद्र से वाराणसी एवं वाराणसी से सोनभद्र को जाने वाली सभी बसें रोडवेज बस स्टेशन पर आकर रुकती थी लेकिन पिछले दो दशक से बस स्टेशन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होने लगा और यहां से चलने वाली सभी बसें बंद हो गई। इसके साथी वाराणसी से सोनभद्र एवं सोनभद्र से वाराणसी जाने वाली सभी रोडवेज बस स्टेशन में आने की बजाय बाई पास रोड से ही आने-जाने लगी। रोडवेज बस स्टेशन से जिला मुख्यालय मिर्जापुर इव चकिया चंदौली के लिए जाने वाली बसों को बंद कर दिया गया। यही कारण रहा की रोडवेज बस स्टेशन का मरम्मत न कराए जाने और बसों का संचालन बंद कर दिया जाने से बस स्टेशन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो गया। बस स्टेशन की जमीन पर आसपास के दलित बस्तियों के लोगों ने कब्जा जमा लिया है और अस्थाई ठिकाना बनाकर उसमें रह रहे हैं। नगर वासियों की माने तो रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण लगभग पांच दशक पूर्व कराया गया था उस समय यहां से दर्जनों बसों का संचालन होता था और नगर वासियों को काफी सहूलियत मिलता था लेकिन बाई पास रोड का निर्माण होने के बाद धीरे-धीरे रोडवेज की गाड़ियां बस स्टेशन में आना बंद हो गई और रोडवेज बस स्टेशन खड़हर में तब्दील होने लगा। आज स्थिति यह है कि पूरा बस स्टेशन खड़हर बन चुका है। अहरौरा बस स्टेशन से पड़ाव तक के लिए संख्या विशेष का ध्यान देते हुए नया सिटी बस भी लगाया जाए ताकि आम जनमानस को सुविधा का सामना न करना पड़े रोडवेज बस स्टेशन से पड़ाव वाराणसी के लिए मिनी सिटी बस का संचालन रोडवेज वाराणसी द्वारा किया जाता है। बस स्टेशन पर बैठने की जगह एव शौचालय सहित अन्य सुविधा न होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## नगर वासियों ने नया रोडवेज बस स्टेशन बनवाने की किया मांग

स्थानीय नगर वासियों की सुविधाओं को देखते हुए सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद ने बाई पास रोड पर नया रोडवेज बस स्टेशन बनवाने की मांग की वाराणसी शक्ति नगर रोड पर बाईपास के किनारे कहीं नया रोडवेज बस स्टेशन बनवाया जाए और वहां से मिर्जापुर ,चंदौली चकिया के लिए नियमित रोडवेज की बसों का संचालन किया जाए। बाईपास रोड पर रोडवेज बस स्टेशन बनाएं जानें से वाराणसी से सोनभद्र जानें वाली बसे भी आसानी से रुक सकेगी।

## नि:शुल्क पेसमेकर जांच शिविर आयोजित

**अलीगढ़, (संवाददाता)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा एक नि:शुल्क पेसमेकर जांच शिविर का आयोजन किया गया, जहां सिंगल चौंबर, डबल चौंबर, आईसीडी और सीआरटीएस सहित सभी प्रकार के पेसमेकरों की जांच की गई और मेडट्रॉनिक, यूएसए, सेंट जूड और बायोट्रॉनिक्स के प्रतिनिधियों द्वारा उन्हें प्रोग्राम किया गया और मापदंडों की आवश्यक सेटिंग की गई।विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आसिफ हसन ने विभाग में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं पर प्रकाश डाला, जिसमें कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, पेसिंग डिवाइसेस और बैलूनिंग जैसी विभिन्न प्रकार की जांच शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में 60 से अधिक मरीजों के पेसमेकर की जांच की गई, जिनमें से कई मामलों में शीघ्र प्रतिस्थापन के लिए उपकरण लगाए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर अलीगढ़ जिले के रोगियों के लिए सहायक हैं।

## ए सी पी टोलवेज ने वाराणसी शक्ति नगर रोड पर चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**जगह जगह लगाया गया साइन बोर्ड**



**अहरौरा मिर्जापुर।** ए सी पी टोलवेज ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाराणसी शक्ति नगर रोड पर अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक किया गया।

इस दौरान वाराणसी शक्ति नगर रोड पर स्थित अहरौरा, अदलहाट, कुदारन सहित अन्य स्थानों पर मोटरसाईकिल, आटो रिक्शा, कार इत्यादि वाहनों को रोककर उनके चालकों को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही सड़क पर जगह जगह संकेतक बोर्ड भी लगाया गया। उक्त अवसर पर एसीपी टोलवेज प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक रमजान पटेल, राकेश शुक्ला कंस्ट्रक्शन मैनेजर, सदानंद यादव हाईवे मैनेजर ,शैलेंद्र धर द्विवेदी लिसनिंग मैनेजर ,अंबरीश कुमार सिंह लिसनिंग मैनेजर, तथा हाईवे पेट्रोल की समस्त टीम रही।

# पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रागिनी प्रथम



**जमालपुर, मिर्जापुर।** जमालपुर बाजार में स्वर्गीय अर्चना केशरी पत्नी मनोज केशरी के पुण्यतिथि के अवसर पर रामेश्वर धाम शिव हनुमान मंदिर,जमालपुर, मिर्जापुर के प्रांगण में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख आनंद सिंह उर्फ बंटू एवं यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों बच्चो का उत्साहवर्धन किया।प्रथम पुरस्कार रागिनी पुत्री सुजीत कुमार,द्वितीयं आशीष कुमार नेहरा पुत्र हीरालाल तथा शिवांगी पाल पुत्री राजेश कुमार पाल,तृतीय पुरस्कार आकांक्षा पुत्री अजय कुमार को इनाम देकर के उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय अर्चना केशरी के पुण्यतिथि के अवसर पर गरीब बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करके पुनित कार्य किया है। जूनियर बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने से उनका उत्साह वर्धन होगा और भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ चढ़कर के भाग लेंगे। कार्यक्रम शुरू होने से पहले स्वर्गीय अर्चना केशरी के मूर्ति पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित किया गया तथा आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्रम व माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक आयोजित करने में आनंद कुमार आजाद ,लवकुश मास्टर ,संजय कुमार पांडे, विवेकानंद केसरी, खुशी त्रिपाठी, एवं पूजा पटेल का सहयोग रहा। आए हुए बच्चों तथा अतिथियो का स्वागत एवं आभार व्यवस्थापक मनोज केशरी ने किया।

## बंदरों के आतंक से नगर वासी हुए भयभीत



**अहरौरा, मिर्जापुर।** अहरौरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत बंदरों का संख्या लगभग हजारो में देखने को मिल रहा है और उसके आतंक से नगर वासियो में भय का माहौल बना हुआ है। नगर के घरो की महिला छत पर कपड़ा डालने व अन्य कार्य हेतु के लिए जाना जान पे बन आता है वही आम राहगीर बाजार से सब्जी ,फल इत्यादि लेकर आता है तो बंदरों की झुंड अटैक कर देता है और अफरा तफरी में लोगों को चोट चपेट का सामना भी करना पड़ता है वहीं क्षेत्रीय लोग बंदर पकड़ने की मांग पर सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद ने नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी से बंदरों को पकड़वाने की मांग की। पालिका अध्यक्ष आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़वाने का कार्य किया जाएगा वही अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह को दो कॉल करने के बावजूद भी कॉल रिसीव नहीं हुआ है।

## मासूम बच्चे की हत्या का हुआ खुलासा पुलिस के मुताबिक कोई और नहीं बच्चे की मां ने की किया हत्या

**अभियुक्ता गिरफ्तार भूत पिशाच के अंधविश्वास मे मासूम की हुई मौत**




**बस्ती।** हरैया थाना की पुलिस ने 5 माह का बच्चा कृष्णा पुत्र रवि प्रकाश सोनी निवासी अमारी बाजार थाना हरैया, जनपद बस्ती की छत पर लगे पानी की टंकी में डाल देने तथा मृत्यु होने के सम्बन्ध में दिनांक 22.04.2024 को राज कुमार सोनी पुत्र राम अचल सोनी ग्राम देवखर थाना छावनी, जनपद बस्ती की सूचना पर थाना हरैया में मु०अ०सं० 79/24 धारा 302 द्व़क्ष्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत होकर विवेचना प्रभारी निरीक्षक राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा की जा रही थी, इस सनसनी खेज घटना के शीघ्र खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक हरैया राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम लगायी गया थी थाना परिसर के हेल्प डेस्क पर पूछ-ताछ के दौरान तमाम सबूतों के आधार पर मृतक बच्चे की मां पिंकी सोनी को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। 24 वर्षीय पिंकी ने बया किया 05 माह कृष्णा की मौत का किस्सा। अजीबो-गरीब तरीके से घर की छत पर रखे पानी की टंकी में डाल देने से मृत्यु के सम्बन्ध में खुलासे से यह पता चला की घटना के समय बच्चे की मां पिंकी व बच्चा कृष्णा ही घर पर मौजूद थे और कोई भी व्यक्ति घर में नहीं आया घर में भूत-प्रेत और काली जी का रूप पिंकी में प्रवेश करने तथा बच्चे की मां पिंकी द्वारा कभी-कभी अजीब हरकत और व्यवहार जुर्म स्वीकार करते हुए पिंकी ने बच्चे को पानी की टंकी में डाल देने जिससे मृत्यु हो जाना बताया गया तथा घर में इस विकार को दूर करने के लिये पहले भी जंतर-मंतर से रोकने का प्रयास किया गया था । पिंकी द्वारा यह भी बताया गया कि कोई भयावह शक्ति उनके ऊपर प्रवेश कर जाती है । और मुझसे घटना हो गयी मुझे कुछ समझ नहीं आया।

## एएमयू में आईपीआर और इसकी सुरक्षा विषय पर सेमिनार आयोजित

**अलीगढ़, (संवाददाता)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग अनुभाग ने हाल ही में 'आईपीआर और इसकी सुरक्षा' पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के महत्व पर चर्चा करना था। यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल प्रोफेसर अरशद उमर ने स्वागत भाषण में अनुसंधान और नवाचार के सभी पहलुओं में आईपीआर के महत्व पर जोर दिया। पेटेंट कार्यालय, अहमदाबाद के पेटेंट और डिजाइन के संयुक्त नियंत्रक डॉ. समीर कुमार स्वरूप ने आईपीआर की जटिलताओं पर प्रकाश डाला, नवाचार की आधारशिला के रूप में इसकी भूमिका पर जोर दिया और रचनाकारों को उनके विचारों और आविष्कारों की सुरक्षा के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान किया। प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज ने आयोजकों की पहल की सराहना की और अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देने के लिए ऐसे सेमिनारों के आयोजन के महत्व पर जोर दिया। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रोफेसर मिर्जा सालिम बेग ने नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा अधिकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मानद् अतिथि प्रोफेसर मोहम्मद शमीम ने विभिन्न क्षेत्रों में आईपीआर के महत्व को रेखांकित किया। विशिष्ट वक्ताओं, यासिर अब्बास जैदी और मनीष सोयल ने तकनीकी सत्रों के दौरान अपनी विशेषज्ञता साझा की। इंजीनियर शमशाद अली, डॉ. मोहम्मद यूनुस खान, और इंजीनियर अब्दुल फ्हीम द्वारा समन्वित कार्यक्रम की मेजबानी डॉ. अरशद हुसैन ने की। विभिन्न विषयों के शिक्षकों और शोधार्थियों सहित कुल 62 प्रतिभागियों ने विषय वस्तु में गहरी रुचि दिखाते हुए सेमिनार के लिए पंजीकरण कराया।

# दो राज मार्गों का संगम जहां जर्जर सड़क राहगीरों के लिए हुआ है जानलेवा



**मिर्जापुर।** चुनार क्षेत्र में एक छोटा सा नरायनपुर बाजार जहां दो राजमार्गों नेशनल हाईवे-7 तथा स्टेट हाईवे-5 ए का संगम होता है वहीं संगम क्षेत्र का लगभग पांच सौ मीटर लंबा मार्ग इतना जर्जर है कि उस पर से गुजरने वाले वाहन चालकों का रुह कांप जाता है।दुर्घटना होने की शत-प्रतिशत गारंटी वाले उस जर्जर सड़क पर गुजरने के दो-चार किलोमीटर पहले से ही वाहन चालक अपने व अपने वाहनों की सकुशल आवागमन की गारंटी के लिए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करने लगते हैं कि प्रभु सुरक्षित निकाल दीजिए।

अवसर मिला तो अवश्य अयोध्या धाम दर्शन करने आयेंगे।बता दें कि इस दूर्गम रास्ते से गुजरते वक्त वाहन चालक सड़क विभाग की लापरवाही से उत्पन्न समस्या के समाधान हेतु अपने वाहनों में नींबू मिर्ची टांग कर सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं।इसके चलते दर्जनों लोगों को माला-फूल,नींबू-मिर्ची बेचने का रोजगार गारंटी भी मिल गया है।यानी एक साथ कई गारंटी जैसे दुर्घटना की गारंटी,बीमा की गारंटी,रोजगार की गारंटी आदि।यह सिर्फ कुछ दिनों,महीनों की बात नहीं है,कई वर्षों से इस मार्ग का यही हाल है।विडंबना देखिए कि इस समय अमृत काल भी चल रहा है।सड़कों के कायाकल्प का सरकारी संकल्प भी चल रहा है और सबसे बड़ी बात तो यह कि इस समय मोदी की गारंटी योजना भी चल रहा है फिर भी यह पांच सौ मीटर लम्बा मार्ग अपने निर्माण की गारंटी के लिए तरस रहा है।ऐसी बात नहीं है कि इस जर्जर सड़क के बारे में सरकार को पता न हो,रोज इस मार्ग से सैकड़ों राजनेता, मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी आदि जिम्मेदार लोग गुजरते रहते हैं फिर भी न जाने क्यों इस मार्ग के निर्माण का सुध नहीं लिया जा रहा है।इस समय हालात यह कि प्रतिदिन इस मार्ग पर दर्जनों एक्सिडेंट हो रहें है,बड़े-बड़े गड्ढों में फस कर गाड़ियों का खराब होना तथा चौबीसों घंटे सड़क पर जाम लगा रहना आम बात है।इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित शासन के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है फिर भी सड़क विभाग कान में तेल डाले बैठा हुआ है।अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित स्थानीय निवासी प्रदीप गुप्ता,रामजी सेठ,गोपाल सेठ,सच्चे लाल,रमेश गुप्ता,छेदी यादव,रवि यादव,किशन यादव,डब्लु यादव,सदानंद आदि लोगों द्वारा तत्काल जर्जर सड़क के निर्माण का मांग किया गया। जिससे कि यहां के लोगों को धूल-गर्दे से निजात मिल सकें व लोगों की यात्रा सुगम,सुरक्षित हो सकें।

## आग की चपेट में चार दर्जन से अधिक रिहायसी घर जलकर हुआ खाक



**बस्ती।** जिले के लालगंज थानाक्षेत्र के ग्राम रौतापार में गुरूवार की दोपहर करीब साढे तीन बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से चार दर्जन से अधिक रिहायसी झोपडियां जलकर खाक हो गई।

आग की लपटे इतनी भयानक थी कि उसमें से आधा दर्जन से अधिक मवेशी जल कर गंम्भीर रूप से से घायल हो गये, इन मवेशियों मे से एक भैंस काल के गाल में समा जाने की सूचना है, आग पर करीब दो घन्टे की कडी मशक्कत के बाद सफलता तो मिली लेकिन एक व्यक्ति का शव भी प्राप्त हुआ है, जिसकी पहचान नहीं हो पाई,दो घन्टे के बाद पहुंचे अग्निशमन दल ने ग्रामीणों के सहयोग से आग को काबू में किया। इस मौके पर स्थानीय पुलिस के अलावा राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद थी। इस भंयकर आग विभीषिका में अनेक परिवारां के सामने रोटी के लाले पड गये है।

# मुख विकृतियों पर डेंटल कालिज में सतत दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**अलीगढ़, (संवाददाता)।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के डॉ. जेड.ए. डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजीध्ओरल पैथोलॉजी विभाग द्वारा इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी (आईएओएमआर) के तत्वावधान में जेपी अस्पताल, नोएडा के सहयोग से 'ओरल मैलिग्नेंसीज में हालिया अंतर्दृष्टि: प्रबंधन के निदान' पर एक सतत दंत चिकित्सा शिक्षा (सीडीई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय मुख चिकित्सा और रेडियोलॉजी के अवसर पर 'क्रांतिकारी मुस्कुराहट: नवप्रवर्तन, रोशनी, विकिरण' विषय पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया। अतिथि वक्ताओं का स्वागत करते हुए, आयोजन अध्यक्ष प्रोफेसर प्रधुमन वर्मा ने सीडीई के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि देश में मुख कैंसर की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए, यूपी में मुख कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आ रहे हैं। सीडीई दंत पेशेवरों को क्षेत्र में हाल के विकास से परिचित होने में मदद करेगा। जेएन मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल एवं सीएमएस तथा मेडिसिन संकाय की डीन प्रोफेसर वीना माहेश्वरी और प्रिंसिपल, जेडएडीसी, प्रोफेसर राजेंद्र कुमार तिवारी ने कार्यक्रम आयोजित करने के प्रयासों की सराहना की। अपने औपचारिक स्वागत भाषण में, डॉ. एमडी असदुल्लाह ने उन वक्ताओं का परिचय दिया जो मुख विकृतियों से निपटने वाले विभिन्न विशिष्टताओं से संबंधित थे। उन्होंने ऐसे रोगियों के सफल प्रबंधन के लिए मल्टीस्पेशलिटी दृष्टिकोण की भूमिका पर प्रकाश डाला और तंबाकू, शराब और सुपारी के सेवन की हानिकारक आदतों को छोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो मुख कैंसर के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। जेपी अस्पताल के ऑन्को-सर्जन डॉ. आशीष गोयल ने मुख कैंसर का पता लगाने में डेंटल सर्जनों की भूमिका और प्रबंधन और पुनर्वास कैसे साथ-साथ चलते हैं, पर बात की। जेपी अस्पताल के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक गुलिया ने मुख कैंसर के रोगियों में रेडिएशन से पहले, उसके दौरान और बाद में फ्रैक्शनाइज्ड रेडियोथेरेपी और दंत मूल्यांकन के महत्व को रेखांकित किया। प्रसिद्ध ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन, डॉ. रचित माटुर ने ओरल कैंसर के विभिन्न कारणों पर प्रकाश डाला और बताया कि सुपारी, तम्बाकू, फ्लेवर्ड हुक्का, वेप जैसे विभिन्न कार्सिनोजेन्स युवा पीढ़ी तक कितनी आसानी से पहुंच पाते हैं और उन्हें ऐसी आदतों से दूर रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। राजीव खन्ना (बिजनेस एसोसिएट, नॉर्थ जोन गेलनोवा लेबोरेटरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) ने हल्दी के प्रमुख एंटी-कार्सिनोजेनिक घटकों में से एक, करक्यूमिन के विभिन्न लाभों की गणना की।

## भैंस ने मासूम को रौंदकर मार डाला, पिता ने लगाया गंभीर आरोप

**बहराइच।** जिले के लौकिहा गांव निवासी चार वर्षीय बालक के पेट में भैंस ने पैर रखकर मसल दिया। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकिहा निवासी कंधई बुधवार शाम को भैंस को स्नान करवा रहे थे। जबकि पड़ोसी मनमोहन की पत्नी चार वर्षीय बेटे को लेकर तालाब के निकट मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान कंधई ने अपनी भैंस छोड़ दी। भैंस ने चार वर्षीय बेटे रितेश ने पेट में पैर रख कर रौंद डाला। पेट बालक का फट गया। कुछ ही देर में बालक की मौत हो गई। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। सभी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि बालक की मौत भैंस के हमले में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तलवार से काट कर सगी भाभी की नृशंस हत्या से गाँव मे सनसनी



**रेणुकूट,सोनभद्र।** बीजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत झीलों गाँव हड़ही टोला में गुरुवार की अलसुबह एक सनकी देवर ने अपनी सगी भाभी को तलवार से काट कर नृशंस हत्या कर दी। हत्या के बाद हाथ में तलवार और त्रिशूल लेकर काफी देर तक प्रदर्शन करता रहा जिससे मौके पर पहुँची ग्रामीणों की भीड़ तमाशबीन बनी रही। घटना की सूचना पर दलबल के साथ मौके पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय ने पुलिस जवानों संग आरोपी को घेर कर धर दबोचा।

जानकारी के अनुसार दशमती गोड़ पत्नी स्वर्गीय धनराज गोड़ उम्र 35 अपने तीन बच्चों के साथ घर पर थी इसी बीच उसका देवर भवन प्रताप गोड़ पुत्र रामबदन सिंह गोड़ उम्र 26 हाथ मे तलवार और त्रिशूल लेकर घर पहुँचा तो शौच क्रिया के लिए बाहर निकल रही भाभी के गर्दन सहित चेहरे पर कई वार कर मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया। ग्राम प्रधान सतेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो क्रूर हत्यारा जमीन पर मृत पड़ी अपनी भाभी के आँख के पास तलवार से वार कर पेट के अंदर तक तलवार घुसेड़ दिया इतने से भी उसकी इच्छा पूरी नही हुई तो वह उसके शिर के बाल को पकड़ कर ऐसे उखाड़ा की खोपड़ी का मांस और चमड़ी सहित काफी बाल उसके हाथ मे आगए। बताया जाता है कि मृत महिला का पति धनराज की चार साल पहले जरहा के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है तब से वह अपने देवर रामजी सिंह गोड़ और भवन प्रताप गोड़ के साथ रह रही थी मृतका के पीछे दो लड़का और एक लड़की जिनकी उम्र पाँच से आठ वर्ष के बीच बताई जा रही है।जनचर्चा पर गौरकरें तो भवन प्रताप पिछले एक सप्ताह से अपने घर के कुछ दूर पहाड़ी पर अपना डेरा डंडा जमाया था वहीं पर वह झंडा गाड़ कर पूजा पाठ किया करता था। बताया गया कि जब से वह पहाड़ी पर शरण स्थली बनाया है तब से खाना नही खाया था और लोगों में यह भ्रम फैला रहा था कि उसके ऊपर शिव की कृपा हो गयी है। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर आलाकत्ल में उपयोग तलवार सहित महिला के बाल तथा अन्य साक्ष्य अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। उधर पुलिस ने तत्काल मृत महिला के शव को एनटीपीसी धन्वन्तरि चिकित्सालय लाया जहाँ डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया ततपश्चात पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए दुद्धि सीएचसी भेज पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी।जनचर्चा पर गौरकरें तो गाँव घटना के पीछे तरह तरह की चर्चाएं ब्याप्त हैं।प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय ने कहा आवश्यक धाराओं में केश दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# नामांकन को लेकर डीएम व एसपी ने सभी एसडीएम सीओ और थानाध्यक्षों के साथ की बैठक

## नामांकन स्थल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को संयुक्त रूप से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 के दृष्टिगत 26 अप्रैल से प्रारंभ हो रही नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में सभी एसडीएम, सीओ व थानाध्यक्षों के साथ बैठक किया व बैठक के पश्चात नामांकन स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों को अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। नामांकन स्थल से 3०० मी दूर गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी, नामांकन स्थल से 1०० मीटर के अंदर किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करते हुए पूरी गंभीरता पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

## परशदेपुर कस्बे के दो घरों चोरी

**परसदेपुर,रायबरेली।** नगर पंचायत परसदेपुर में चोर ने दो घरों में घुस कर किया चोरी ।सारी रात पुलिस रही हलाकान ।बड़ी मशक्कत के बाद सुबह पुलिस को उक्त चोर को पकड़ने में सफलता मिली।

चौकी क्षेत्र परसदेपुर के अन्तर्गत वार्ड नंबर 9, जिल्हा बाजार, नगर पंचायत परसदेपुर निवासिनी ने चौकी में तहरीर दिया है कि रात्रि लगभग 1बजे उपरोक्त निवासी अल्ताफ पुत्र लतीफ उसके घर में कूद कर बेटी की शादी के लिए रखा जेवर व 4हजार रुपए नगद लेकर जैसे ही जाने लगा, अचानक आंख खुल गई तो उसको दौड़ाया ।वह भाग गया किन्तु उसकी चप्पल छूट गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोर के घर में तलाशी ली,वह नहीं मिला। बाद में पता चला कि वह उपरोक्त पता निवासी डाकिया इरशाद पुत्र अब्दुल कयाम के यहां भी लूट करके भाग लिया, वहां भी जेवर,दो एन्ड्रायड मोबाइल,5 हजार रुपए नगद व गुल्लक लेकर भाग निकला ।सारी रात पुलिस व चोर का खेल होता रहा। अभियुक्त इतना निडर व शातिर दिमागी है कि उसे पुलिस ढूढ रही है और वह वारदात पर वारदात कर रहा है। हालांकि पुलिस ने अन्ततः उसे पकड़ लिया। चौकी इंचार्ज मोहित कुमार ने बताया कि अभी पूछताछ चल रही है। शीघ्र ही माल सहित अभियुक्त को जेल भेजा जाएगा।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

**अलीगढ़, (संवाददाता)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अब्दुल बसीर खान (एबीके) हाई स्कूल (गर्ल्स) द्वारा 'प्लैनेट बनाम प्लास्टिक' विषय पर छात्रों के लिए एक विशेष सभा, इंटरैक्टिव कार्यक्रम और प्रश्नोत्तरी का आयोजन करके विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में आमजन को जागरूक करने और गृह को और भी सुंदर बनाने की दिशा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से छात्रों द्वारा रचनात्मक पोस्टर बनाए गए। प्राथमिक अनुभाग में, छात्रों को उनके शिक्षकों द्वारा पावरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रकृति के प्रति उनके कर्तव्यों की याद दिलाई गई। उप प्राचार्य डॉ. सबा हसन ने शिक्षकों एवं छात्रों से अपने आवासीय क्षेत्रों में पौधे लगाने तथा अपने घरों में गमलों में पौधे लगाने का आग्रह किया। उन्होंने पेड़ों की मदद से पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने और इसके पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया।

## बाजार शुक्ल पुलिस ने देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उ०नि० रामकरन प्रसाद थाना बाजारशुक्ल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सत्मय सिंह पुत्र किसनपाल सिंह नि० बहवरा मजरे सुनवा थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या को लाला का पुरवा के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस को ०1 अदद देशी तमंचा व ०1 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

# लोकसभा चुनाव के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को द्वितीय प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी विस्तृत रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। जिसमें उन्हें पोलिंग पार्टी रवानागी के समय क्या करना है, बीयू, सीयू और वीवीपैट को चेक करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना है, मतदान के दिन की जाने वाली कार्यवाही, ईवीएम कनेक्शन की प्रक्रिया, माकपोल की प्रक्रिया, वास्तविक मतदान के लिए सीयू, सीयू व वीवीपैट को सील करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में



लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, नियमों एवं प्रपत्रों की जानकारी दिए जाने के साथ ही उनकी शंकाओं का मौके पर समाधान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग मतदान के दिन अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहेंगे तथा किसी भी बूथ पर मतदान से संबंधित कोई समस्या आने पर तत्काल वहां पहुंचकर उसका निराकरण निश्चित करायेंगे। आप लोग यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी पार्टियां समय से अपने-अपने बूथों पर पहुंच जाएं। इसके साथ ही आप लोग स्वयं ईवीएम मशीन को जोड़ने एवं मशीन में आने वाले एरर की जानकारी के साथ ही सभी मास्टर ट्रेनरों के नंबर भी अपने पास सुरक्षित सेव कर ले जिससे मतदान के दिन कहीं पर भी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि आप लोग आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर ले उसी के अनुसार निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएं। इस दौरान जिला विकास अधिकारी तेज भान सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, सहायक प्रशिक्षण अधिकारी अजय सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी



**जगदीशपुर अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर में गुरुवार को मलेरिया गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मलेरिया की अवस्थाएं उससे बचाव के बारे में उपस्थित जन समुदाय को जागरूक किया गया ।उपस्थित सभी जनसमुदाय को बुखार आने पर तत्काल जांच कराने एवं पुष्टि होने पर तत्काल नियमित रूप से इलाज कराने को लेकर परामर्श दिया गया ।मलेरिया से बचाव हेतु जल भराव बेकार पड़े टायर एवं अनुपयोगी बर्तनों कूलर इत्यादि में जल भराव साफ सफाई मच्छरदानी का उपयोग के लिए जागरूक किया गया।

# आग लगने से जला 12 सौ बीघे गेहूं के खेत की पराली

**परसदेपुर, रायबरेली।** छतोह ब्लॉक में आग लगने से लगभग 25०किसानों की लगभग 12००बीघेकी पराली जलकर राख हो गई। भूसा का बहुत बड़ा संकट गहराया।आग इतनी दूर फैल गई कि आग पर काबू पाना हुआ मुश्किल। अग्नि शमन कर्मियों के साथ दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने की मशक्कत। छतोह विकास खण्ड के पूरे दरियाव मजरे बेवल से आग शुरू हुई और देखते ही देखते आग ने पूरे नन्दा शुक्ल, गढ़ा,सुजवरिया व पूरे चौधरी आदि गांवों के क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया।दो दमकल की गाड़ियां सलोन से आयीं,मगर आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। ब्लाक से भी ए डी ओ पंचायत नागेश कुमार, मंजुल मयंक सहित करीब एक दर्जन सफाई कर्मचारी भी आग बुझाने में डटे रहे। शीतला दीन शुक्ल, सुधीर शुक्ल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम मिलन मौर्य,सन्तबक्श यादव,राम मिलन शुक्ल, रावेन्द्र आदि सैकड़ों लोगों का कहना है कि गेहूं तो घर आ गया है,मगर नरई की मड़ाई अभी नहीं हो पाई है जिससे जानवरों को भूसे का बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

## थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा एक तमंचा 2 जिन्दा कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उ०नि० अनूप कुमार सिंह थाना गौरीगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर शातिर अभियुक्त प्रकाश वर्मा उर्फ जेपी पुत्र स्व० राम मूरत वर्मा निवासी मुसाफिरखाना रोड गौरीगंज वार्ड सं० 24 थाना गौरीगंज को श्री माधवनगर सांईटीला के पास से शाम को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से ०1 अदद तमंचा व ०2 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।



## पशु चिकित्सक की बेटी मुस्कान ने यूपीएससी में 98वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का गौरव

### चिकित्सक के आवास पर बधाई देने वालों का लगा तांता



**सुलतानपुर।** जिले के उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ०सुधीर श्रीवास्तव की बेटी मुस्कान श्रीवास्तव ने यूपीएससी वर्ष 2०23 के परीक्षा परिणाम में 98 वीं रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। यूपीएससी के प्राप्त परिणाम से परिवार ही नहीं पशु चिकित्सा विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई। यूपीएससी का परिणाम घोषित होने पर परिवार सहित पशु चिकित्सा विभाग के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने मुस्कान को प्रशस्ति पत्र भेंटकर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश सिंह ने मुस्कान की इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अपर निदेशक ने दुद्धी सीएचसी का किया निरीक्षण

**दुद्धी सोनभद्र।** अपर निदेशक स्वास्थ विंध्याचल मंडल डॉ शोभना दुबे ने गुरुवार की दोपहर दुद्धी सीएचसी का औचक निरीक्षण किया ,इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों , एनआरसी सेंटर ,ऑपरेशन थिएटर , ओपीडी कक्षों आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी को दिए इस दौरान उन्होंने हीट वेव से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए बनाए गए नव निर्मित कोल्ड रूम का भी मुआयना किया और लू से पीड़ित मरीजों को त्वरित व बेहतर उपचार के निर्देश दिए जिससे लू से पीड़ित मरीजों के साथ कोई भी अप्रिय घटना ना घट सके ,अपर निदेशक के अस्पताल निरीक्षण के दरमियान पूरे अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद दिखे , इसके बाद अपर निदेशक श्रीमति दुबे ने चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी के साथ गोपनीय बैठक कर अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सविधाओं के बारे में जानकारी ली जिला अस्पताल से मिलने वाली नई सुविधाओं के अवरोध के बारे में भी जानकारी हासिल की।




उन्होंने चिकित्साधीक्षक को सभी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रतिदिन का ड्रेस कोड लागू किये जाने को निर्देशित किया साथ ही दुद्धी में अवैध रूप से चल रहे झोलाछापों के अस्पताल पैथलॉजी सेंटरों व अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए पत्रकारों ने अपर आयुक्त को अवगत कराया कि यहां हड्डी के चिकित्सक व महिला रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति होने के बाद भी नियमित ओपीडी लेते जिसे गंभीरता से संज्ञान ले उन्होंने सभी चिकित्सकों को नियमित ओपीडी करने के निर्देश दिएपत्रकारों ने यह भी अवगत कराया कि अस्पताल में डिजिटल एक्सरे ,सामान्य एक्सरे की सुविधा भी साल में ज्यादातर दिन नही होती कभी डेवलपर पॉवडर तो कभी डेवलपर फ़िल्म नही होने का हवाला दिया जाता है ,पैथलॉजी मे जांच की कई मशीनें धूल फांक रही है इसे रेजेंट अभाव में प्रयोग में नहीं लाई जा रही , अस्पताल में मरीजों को इमरजेंसी व वार्ड में ले जाने के लिए केवल एक ही स्ट्रेचर है जिसकी संख्या बढ़ाया जाना जरूरी हैअस्पताल में सफाईकर्मियों की कमी के कारण नियमित साफ सफाई होने में दिक्कत को भी अवगत कराया ,जिस पर अपर निदेशक श्रीमती दुबे तत्काल सभी समस्यायों का निदान करने का आश्वाशन दिया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी द्वारा गुरुवार को थाना मुंशीगंज पर व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा थाना कमरौली पर थाने में नियुक्त अधि०/कर्म० को लोकसभा निर्वाचन 2०24 को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के संबंध में ब्रीफ किया गया व आदर्श आचार संहिता के अनुपाल करने व कराने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

# न्यूक्लियर पावर नेट जीरो में बड़ी भूमिका निभा सकता है

**लखनऊ, (संवाददाता)।** देश में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग को बढ़ावा देने एवं इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी यआई एन एसद्धए मुंबई द्वाराए लखनऊ में पहली बार वियार्थियों के लिए देश के वरिष्ठ एवं विशिस्ट परमाणु वैज्ञानिकों के साथ संवाद स्थापित करने हेतु वीरवार को सेक्टर. 14ए इन्दिरा नगर एवं सेक्टर. ०6ए विकास नगर स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में एक विशेष जन.जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई एन एसए के अध्यक्ष एवं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र यबी ए आर सीद्धए मुंबई से सेवानिवृत देश के प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक डॉ बी एन जगताप ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए बोला कि ष्परमाणु ऊर्जा में काफी क्षमता है और इस से स्वच्छए हरित एवं सुरक्षित तरीके से बिजली का उत्पादन करके कार्बन का उत्सर्जन कम किया जा सकता है और वर्ष 2०7० तक भारत नेट.जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफ्लता हासिल कर सकता है ।ष् इसके साथ ही उन्होने भारत में न्यूक्लियर साइन्स एवं टेक्नालजी के क्षेत्र में हो रही उत्तरोत्तर वृद्धि के बारे में भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होने ये भी बताया कि किस तरह से आई एन एस देश भर में लोगों को परमाणु ऊर्जा के महत्वपूर्ण आयामों के बारे में बताने एवं लोगों को इसके बारे में जागरूक करने के लिए इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर लगभग 15०० विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मुंबई से आए हुए परमाणु वैज्ञानिकों से परमाणु ऊर्जा की उपयोगिता एवं भविष्य में इसके योगदान पर जानकारी हासिल की। कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए विद्यालय के निदेशक मोहिंदर सिंह, निदेशिका आशा अरोरा एवं प्रधानाचार्या उमा मानवेन्द्र पांडेय ने मुंबई से आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और पहली बार इस तरीके के आयोजन को आर एल बी स्कूल में करने हेतु धन्यवाद प्रस्तावित किया। इस मौके पर बी ए आर सीए भारत सरकार के पूर्व अति विशिष्ट वैज्ञानिक डॉ रामा राव एवं डॉ इन्दिरा प्रियदर्शिनी ने विद्यार्थियों के साथ चर्चा करते हुए न्यूक्लियर साइन्स एवं टेक्नालजी एवं खास तौर पर रेडियेशन से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण विषयों जैसे एग्रीकल्चरए स्वास्थ्यए जलवायु परिवर्तन एवं खाद्यान प्रसंस्करण में इसकी उपयोगिता के बारे में चर्चा की । इसके अलावा उन्होने भविष्य में परमाणु ऊर्जा द्वारा लोगों के जीवन स्तर को और भी अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा किए जा रहे नए.नए अनुसन्धानों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद यएईआरबीद्धइस अवसर पर परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यरत न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड यएन पी सी आई एलद्ध से महाप्रबंधक यसी-एम एमद्धए के यू अग्रवाल, एवम उप.महाप्रबंधक मीडिया अमृतेश श्रीवास्तव, ने सभी आगंतुकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में आज विभिन्न स्थानों पर 24 न्यूक्लियर पावर प्लांट्स कार्यरत हैं।

## लखनऊ के आचार्य देव को अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफग्लोबल पीस से मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**लखनऊ, (संवाददाता)।** लखनऊ के जाने माने ज्योतिषाचार्य एवं धर्म गुरु आचार्य देव को अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोबल पीस ने डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा। आचार्य देव को यह उपाधि इंटरनेशनल सेमिनार ऑफग्लोबल पीस फॉर मेकिंग इंडिया सस्टेनेबल डेवलपड एंड स्ट्रॉन्ग में लगातार जुड़े रहने एवं सहयोग करने के उपलक्ष्य में मिला। आचार्य देव को डॉक्टर ऑफएस्ट्रोलॉजिकल साइंस की उपाधि देकर द अमेरिका यूनिवर्सिटी यूएसए फॉर द ग्लोबल पीस ने उनके काम को सराहा। आचार्य देव लखनऊ के निवासी हैं यह अपनी पीढ़ी के तीसरे ज्योतिष हैं इससे पहले इनके पिता एवं दादा भी ज्योतिष विद्या में महारथ हासिल कर चुके थे। आचार्य देव का कहना है कि ज्योतिष आने वाले वक्त में दुनिया का आधार बनेगा और भटके हुए लोगों को राह दिखाने का काम करेगा। अपनी ज्योतिष की पढ़ाई भी इन्होंने लखनऊ से ही की और सनातन को देश के कोने कोने में पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। आचार्य देव ने कहा कि मैं बहुत ही गौरांवित महसूस कर रहा हूं कि अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफग्लोबल पीस ने मुझे डॉक्टरेट की यह सम्मानित उपाधि दी है। इससे ने सिर्फमेरा आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा भी मिली है। हम आपको यह भी बताना चाहेंगे आचार्य देव वामा (वर्चुअल एस्ट्रोलॉजी एप मंदिर) के सह संथापक भी हैं। यह एप देश दुनिया की मंदिरों को ऑनलाइन लाने का काम करता है। आचार्य देव का मानना है जब पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है। तो मंदिर भी क्यों न डिजिटल हो, आज के समय की मांग है डिजिटल। मंदिरों के डिजिटलीकरण से न सिर्फमंदिर ऑनलाइन आएंगे बल्कि भक्त से भगवान की दूरी भी कम हो जाएगी।

# राकेट लर्निंग संस्था ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण




**अमेठी।** बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों को श्वष्टष्टश्व पर मज़बूत बनाने के लिए बहुत कदम उठाये जा रहे हैं। इसी के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को सीडीपीओ कार्यालय गौरीगंज में परिक्षेत्र की 35 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ श्वष्टष्टश्व की महत्वता एवं बच्चों के विकास के प्रमुख डोमेन पर राकेट लर्निंग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के मॉड्यूल-2 की ट्रेनिंग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को काफी रुचिकर लगी। उन्होंने इसमें उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसमें बाल्यावस्था शिक्षा की संज्ञानात्मक विकास की विभिन्न गतिविधियों जैसे- संख्या का खेल, आओ कहानी बनाये, आकार बनाने के प्रकार आदि के माध्यम से उनको अनुभव कराया गया। इस ट्रेनिंग में तकनीकी प्रशिक्षण द्वारा ऑडियो विसुअल विडियो, मोबाइल के इस्तेमाल और डाटा कलेक्शन भी शामिल था ताकि वह इसका इस्तेमाल अपने केन्द्रों में बच्चों को सिखाने में कर सकें। डीपीओ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने आज के प्रशिक्षण में कार्यकत्रियों ने क्या-क्या सीखा की जानकारी ली और कहा की इसे आप सभी अपने केंद्र पर बच्चों को गुणवात्तपूर्ण शिक्षा प्रदान करें। आज के प्रशिक्षण मे सीडीपीओ संतोष कुमार गुप्ता, रॉकेट लर्निंग संस्था से जिला सामन्यक सुरेश गुप्ता, मुख्यसेविका सोमवती एवं परिक्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने प्रशिक्षण मे प्रतिभाग किया।

## कास्टिंग फिल्म की सबसे बड़ी जीत
## परिचितों की प्रतिक्रियाओं का गुलदस्ता
## लकी अली को गाते देखना दैवीय अनुभव


**शीर्षा गुहा ठाकुरता**
**निर्देशक, दो और दो प्यार**



अपनी पहली ही फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति जैसे नामचीन कलाकारों को जुटाने में सफल रहीं निर्देशक शीर्षा गुहा ठाकुरता इन दिनों इस बात से खुश हैं कि उनकी फिल्म 'दो और दो प्यार' को जिसने भी देखा, इसकी तारीफ ही की। प्रचार और प्रचार में पीछे रह गई यह फिल्म भले बहुत सीमित सिनेमाघरों में रिलीज हुई हो, लेकिन इसके कलेक्शन में शुक्रवार से लेकर इतवार तक इजाफा होता रहा। फिल्म में विद्या बालन और प्रतीक गांधी के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही है और शीर्षा कहती हैं कि इन दोनों को एक जोड़ी के रूप में पेश कर पाना फिल्म की कास्टिंग की सबसे बड़ी जीत है। करीब तीन साल से बनकर तैयार इस फिल्म के पीछे की मेहनत का खुलासा करते हुए इसकी निर्देशक शीर्षा गुहा ठाकुरता कहती हैं, 'ये फिल्म साल 2021 में ही बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन सिनेमाघरों में दर्शकों की लगातार कमी को देखते हुए फिल्म रिलीज नहीं हो सकी। इस फिल्म को एक खास तबके के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और इसकी कहानी उसी हिसाब से बुनी गई है। फिल्म में जो भी कुछ दिखता है, उसमें हमने अपने घरवालों, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिचितों सबके अनुभव समेटे हैं और शायद इसीलिए इसे देखते समय दर्शक इससे रिश्ता जोड़ पाते हैं।' शीर्षा गुहा मशहूर बंगाली अभिनेत्री और गायक किशोर कुमार की पहली पत्नी रूमा गुहा ठाकुरता की भतीजी हैं। खुद शीर्षा ने हिंदी सिनेमा में निर्माता–निर्देशक राम गोपाल वर्मा की 'सरकार राज' और 'फूंक' जैसी फिल्मों में सहायक निर्देशक रहकर सिनेमा सीखा। बीते कई साल से सोशल मीडिया के लिए बन रही बड़ी बड़ी कंपनियों की लीक से इतर छोटी छोटी कहानियों वाली फिल्में निर्देशित कर रहीं शीर्षा की 'दो और दो प्यार' पहली फीचर फिल्म है। हिंदी में हाथ तंग होने की वजह से वह फीचर फिल्मों में ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। शीर्षा बताती हैं, 'दसवीं तक कोलकाता में पढ़ने के बाद मैं नैनीताल गई थी आगे की पढ़ाई करने। वहां मेरी टूटी फूटी हिंदी को लेकर इतना ज्यादा मजाक बनाया गया कि आज भी मुझे हिंदी में बात करने में डर लगता है। चूंकि बंगाली भाषा में पुल्लिंग और स्त्रीलिंग के साथ एक जैसी ही क्रियाएं लगती हैं, लिहाजा जब भी मैं हिंदी में बात करने की कोशिश करती, हिंदीभाषी क्षेत्रों से आए लोग मेरा खूब मजाक बनाते थे।' शीर्षा फिलहाल कोई दूसरी हिंदी फिल्म पर काम नहीं कर रही हैं और वह कहती हैं कि निर्देशन से उन्हें प्यार है लेकिन फीचर फिल्म निर्देशन वह तभी करना चाहेंगी जब उन्हें उनकी पसंद की कहानी मिल जाएगी। अमेरिकी फिल्म 'लवर्स' के आधिकारिक हिंदी रूपांतरण के तौर पर बनी फिल्म 'दो और दो प्यार' की मेकिंग में शीर्षा को अपनी तकनीकी टीम का बहुत ही अच्छा साथ मिला है। अपने बहुत ही संवेदनशील कथ्य कथन, मधुर मोहक पार्श्व संगीत और दिल को छू लेने वाले दृश्यों के लिए वह अपनी परवरिश और अपने वातावरण को श्रेय देती हैं और फिल्म में लकी अली के गाने का श्रेय वह म्यूजिक बैंड 'लॉस्ट ट्रेन' को देती हैं। वह कहती हैं, 'लकी अली मेरे बहुत ही ज्यादा पसंदीदा गायक रहे हैं। उनके गाने मैंने शुरू से सुने हैं। वह बहुत ही आध्यात्मिक किस्म के इंसान हैं। उनको फिल्म का गाना रिकॉर्ड करते हुए देखना एक ऐसा अनुभव है, जो मेरे साथ पूरी उम्र रहेगा।' गुहा ठाकुरता, जो 15 वर्षों से एक विज्ञापन फिल्म निर्माता हैं, ने कहा कि उन्होंने बिना कोई अर्थ जोड़े प्यार के बढ़ने की कहानी बताने का प्रयास किया है। ष्यह बेवफाई के बारे में एक फिल्म नहीं है, यह प्यार के बारे में है। यदि यह अब आपके लिए काम नहीं कर रही है, तो आपको जहां भी प्यार मिलता है उसे ढूंढना आपका अधिकार है। बेवफाई शब्द का एक अर्थ है जो वास्तव में सकारात्मक नहीं है। बेवफाई एक भरा हुआ शब्द है हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि लोग इसे (बेवफाई को) ऐसी चीज के रूप में न देखें जिसे हम बढ़ावा दे रहे हैं या इसे गलत या सही न कहें,श्श् नवोदित निर्देशक ने यहां एक साक्षात्कार में पीटीआई को बताया। ष्शहरी रिश्ते इससे गुजरते हैं (प्यार से बढ़ते हैं)। मुझे नहीं लगता कि हम इस बारे में पर्याप्त बात करते हैं कि जब प्यार पुराना हो जाता है तो क्या होता है। ये दिलचस्प और महत्वपूर्ण सवाल हैं जिन्हें समाज के रूप में हमें पूछने या स्वीकार करने की जरूरत है कि हमारी वास्तविकता क्या है।ष् उसने जोड़ा। तबूला द्वारा प्रायोजित कड़ी शायद तुम पसंद करोगे नेताओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में पीजी कार्यक्रम बहुत बढ़िया सीख श्दो और दो प्यारश् शुक्रवार को रिलीज हुई, जिसमें सेंथिल राममूर्ति और इलियाना डिक्रूज भी हैं। रोमांटिक कॉमेडी को आलोचकों से अच्छी समीक्षा मिली लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसकी धीमी शुरुआत हुई। गुहा ठाकुरता ने कहा, खुशी की बात यह है कि कुछ लोगों ने फिल्म की बारीकियों को समझा। 40 वर्षीय ने कहा, ष्कुछ ने लिखा है कि, श्हम उनमें से किसी को भी आंकते नहीं हैं।श् मेरे लिए, यह एक बड़ी प्रशंसा है क्योंकि यह हमारे द्वारा आजमाई गई सबसे बड़ी चीजों में से एक थी।ष् ष्यह महत्वपूर्ण था कि इसे दुखद न बनाया जाए और इसमें हल्कापन देखा जाए, क्योंकि यह गंभीर हो सकता है। पूरी फिल्म ऐसी नहीं होनी चाहिए। फिर आप कुछ गंभीर बयान दे रहे हैं और लोग शायद इसे देखना भी नहीं चाहेंगे ,ष् उसने जोड़ा। गुहा ठाकुरता ने कहा कि निर्माताओं अप्लॉज एंटरटेनमेंट और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन ने पहले ही काव्या के रूप में बालन को लेने का फैसला कर लिया था जब वह फिल्म में शामिल हुईं। उन्होंने कहा, ष्उनके मन में विद्या थी। वह सैद्धांतिक रूप से इसे करने के लिए सहमत हो गई थी। जब हमारे पास एक तय स्क्रिप्ट थी तभी उन्होंने फिल्म पर हस्ताक्षर किए,ष् उन्होंने कहा, बालन के साथ एक लुक टेस्ट के बाद गांधी को अनी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया था। ष्दो और दो प्यारष् में, जबकि काव्या, एक दंत चिकित्सक, का एनआरआई फोटोग्राफर विक्रम के साथ अफेयर चल रहा हैय अनी, जो एक उद्यमी है, नोरा नामक एक अभिनेता के साथ रोमांस कर रही है। विक्रम और नोरा की भूमिकाएँ क्रमशः राममूर्ति और डीश्क्रूज द्वारा निभाई गई हैं। ष्हम इस बात से घबराए हुए थे कि बहुत से लोग विद्या की दूसरी मुख्य भूमिका निभाने से डरते हैं। लेकिन इलियाना कुछ ऐसा किरदार निभाने के लिए रोमांचित थीं, जो ग्रे है, और बहुत से लोग जरूरतमंद प्रेमिका का किरदार नहीं निभाना चाहते। लेकिन उन्होंने इसे विश्वसनीयता के साथ किया, और आप उससे नाराज मत होइए, आप उसका दृष्टिकोण देखिए। ष्हमने सेंथिल की भूमिका के लिए किसी ऐसे व्यक्ति को देखा जो एनआरआई नहीं था। लेकिन तनुज (गर्ग), जो निर्माताओं में से एक हैं, सेंथिल को जानते थे। उन्होंने उससे संपर्क किया और ऐसा किया। एक बार जब सेंथिल ने हाँ कहा, तो हमने चरित्र को फिर से लिखा। वह एक शानदार अभिनेता हैं और बेहद अच्छे दिखते हैं। हम इसे उसी तरह से चाहते थे,श्श् फिल्म निर्माता ने कहा। श्दो और दो प्यारश् अजाजेल जैकब्स की 2017 की अमेरिकी फिल्म श्द लवर्सश् का रूपांतरण है, जिसमें डेबरा विंगर और ट्रेसी लेट्स हैं। गुहा ठाकुरता ने कहा कि हिंदी संस्करण मूल से थोड़ा अलग है। उन्होंने कहा , ष...कोई भी रिलेशनशिप ड्रामा, जब आप देश और संस्कृति बदलते हैं, तो सब कुछ बदल जाता है, हमने जोड़े का आयु समूह भी बदल दिया है।ष् उन्होंने कहा, उन्होंने डेढ़ साल के दौरान कहानी पर दोबारा काम किया। ष्दो और दो प्यारष् पहले 29 मार्च को ष्क्रूष् के साथ सिनेमाघरों में आने वाली थी, जिसमें तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सैनन ने अभिनय किया था। बाद में निर्माताओं ने दो ष्महिलाओंष् के बीच टकराव से बचने के लिए रिलीज की तारीख बदलने का फैसला किया। निर्देशक ने कहा, श्श्उन्मुखश् फिल्में। हमने डेढ़ साल पहले फिल्म बनाई थी और हमारे पास कभी रिलीज की तारीख नहीं थी। पूरी इंडस्ट्री एक तरह के मंथन से गुजर रही थी, जहां कोई भी थिएटर नहीं जा रहा था। तब हर कोई फिल्म रिलीज करने से घबराता था। एक्सक्लूसिवरू विद्या बालन और प्रतीक गांधी ने श्दो और दो प्यारश् के रोमकॉम, रिश्ते की जटिलताओं, सोशल मीडिया क्रिएटर्स और बहुत कुछ पर खुलकर बातें कीं ष्शुरुआत में, फिल्म 29 मार्च को (रिलीज होने वाली थी) थी। उस समय, श्क्रूश् को एक सप्ताह पहले रिलीज किया जाना था। लेकिन जब उन्होंने (श्क्रूश् निर्माताओं ने) इसे 29 मार्च को स्थानांतरित कर दिया, तो वे (निर्माता) ) नहीं चाहते थे कि दो महिला–उन्मुख फिल्में एक ही तारीख पर रिलीज हों, इसलिए हमने इसे (रिलीज की तारीख) 19 अप्रैल तक बढ़ा दिया।ष




# टेलर स्विफ्ट का नया गाना रिलीज होते ही किम कार्दशियन को इंस्टाग्राम पर 1 लाख लोगों ने अचानक कर दिया अनफॉलो



टेलर स्विफ्ट के नए गाने अद्धइइ्रच 4श्व इ्ढस्त्र्द्द द्व्ठ अद्धद्द अश्ल्ह्लह्लद्दस्र क्व्र्द्दह्लह्य ष्द्दश्चइ्हह्लद्दद्दइ्ह्ल के रिलीज होने के बाद इंस्टाग्राम पर किम कार्दशियन के फॉलोअर्स की संख्या में गिरावट देखी गई। रियलिटी स्टार ने शुक्रवार से इंस्टाग्राम पर 100,000 से अधिक फॉलोअर्स खो दिए हैं। टेलर स्विफ्ट के नए गाने अद्धइइ्रच 4श्व इ्ढस्त्र्द्द द्व्ठ अद्धद्द अश्ल्ह्लह्लद्दस्र क्व्र्द्दह्लह्य ष्द्दश्चइ्हह्लद्दद्दइ्ह्ल के रिलीज होने के बाद इंस्टाग्राम पर किम कार्दशियन के फॉलोअर्स की संख्या में गिरावट देखी गई। रियलिटी स्टार ने शुक्रवार से इंस्टाग्राम पर 100,000 से अधिक फॉलोअर्स खो दिए हैं, कई उपयोगकर्ताओं ने उनके हालिया पोस्ट पर गाने और उसके बोलों पर भी टिप्पणी की है। किम कार्दशियन ने खोए इंस्टाग्राम फॉलोअर्स नया एल्बम आने से पहले किम कार्दशियन के 364.3 मिलियन फॉलोअर्स थे, लेकिन अब देखिए, यह संख्या अचानक गिरकर 363.8 मिलियन हो गई है। उनकी सबसे हालिया पोस्ट – जिसमें वह अपनी बहन कर्टनी और ख्लोए के साथ अपनी छुट्टियों का आनंद लेती नजर आ रही हैं। यह पोस्ट नये नए गाने के बारे में टिप्पणियों से भरी हुई हैं। कई यूजर्स ने कमेंट में सिर्फ %थैंक यू ऐआईएमईई% लिखा। एक ने कहा, 卐एआईएमईज़ के साथ बने रहना।卐 दूसरी टिप्पणी में लिखा था, 卐आपको गाना जरूर सुनना चाहिए, थैंक्स यू एआईएमई!卐 एक टिप्पणी पढ़ें, 卐प्यार और कविता में सब कुछ उचित है, धन्यवाद एआईएमईई।卐 अनजान लोगों के लिए, यह सब तब शुरू हुआ जब किम के पूर्व पति कान्ये वेस्ट ने 2009 वीएमए में मंच पर टेलर के स्वीकृति भाषण को यह कहते हुए बाधित कर दिया कि वह सर्वश्रेष्ठ महिला वीडियो के लिए पुरस्कार के लायक नहीं थी। बाद में, अपने 2016 के गीत फेमस कान्ये ने रैप किया, 卐मुझे लगता है कि मैं और टेलर अभी भी सेक्स कर सकते हैं / क्यों? मैंने उस कुतिया को प्रसिद्ध बना दिया।卐 टेलर ने गाने पर आपत्ति जताई और इसे स्त्रीद्वेषी बताया। लेकिन उस वर्ष कीपिंग अप विद द कार्दशियन के एक एपिसोड में, किम ने कान्ये का बचाव किया। उन्होंने कान्ये और टेलर के बीच फोन पर हुई बातचीत के वीडियो क्लिप भी पोस्ट किए। यह दिखाने के लिए कि टेलर ने गाना रिलीज़ करने की अनुमति दे दी थी, उसके बाद, एक और लीक वीडियो सामने आया जिसमें किम और कान्ये ने टेलर से फोन पर बात की और उन्हें गाने में क्या होना है, इसकी पूरी जानकारी नहीं दी, टेलर ने 2017 में अपना एल्बम रेपुटेशन जारी किया , एपिसोड को संदर्भित करने वाले कई गानों के साथ।





## सेल्स गर्ल बन कर हो गई श्रद्धा कपूर की हालत खराब

बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर भी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। वह लगातार अपने फैंस को रोजाना पोस्ट और स्टोरीज के जरिए अपडेट देती रहती हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया जिसमें वह पुणे स्टोर में एक दिन के लिए सेल्सवुमेन बनीं। बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर भी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। वह लगातार अपने फैंस को रोजाना पोस्ट और स्टोरीज के जरिए अपडेट देती रहती हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया जिसमें वह पुणे स्टोर में एक दिन के लिए सेल्सवुमेन बनीं। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 卐10 में से कितने मार्क्स??? मेरी पहली बाइक श्रश्चइ्यद्वश्ठइ्ह्यठ्ठश्वद्धद्वष्द्वइ्य स्टोर पुणे!!!卐 वीडियो में उन्हें कैजुअल ड्रेस में ग्राहकों का स्वागत करते देखा जा सकता है जिसके बाद वह ग्राहकों को आभूषण दिखाती हैं। श्रद्धा कपूर का सेल्सवुमन बनने के पीछे का मकसद सेल्स का काम करने वाले लोगों की सराहना करना है। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने सेल्सवुमन के तौर पर 10,900 रुपये की बिक्री की। उत्पाद बेचने के प्रयास के लिए प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग में उनकी सराहना की। एक यूजर ने लिखा, %वाह... क्लासी सेल्स गर्ल%. एक अन्य यूजर ने लिखा, %इतनी प्यारी सेल्सपर्सन हुआ तो सारी दुखन खरीद ने मुझे क्या शर्म%। तीसरे यूजर ने लिखा, 卐अगर 10 माई से 100 दे सकते हैं तो मैं 100 दूंगा जी आप को.. श्रश्रद्धाकापूरजी卐। रैपर बादशाह ने भी टिप्पणी की, 卐बहुत गर्व है卐। श्रद्धा कपूर को फिल्म आशिकी 2 में आदित्य रॉय कपूर के साथ काम करने के बाद फिल्म इंडस्ट्री में पहचान मिली। उन्हें आखिरी बार तू झूठी मैं मक्कार में देखा गया था। लव रंजन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में डिंपल कपाड़िया, बोनी कपूर और अनुभव सिंह बस्सी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। श्रद्धा कपूर की अन्य उल्लेखनीय कृतियों में ईके विलेन, एबीसीडी 2, रॉक ऑन 2, हाफ गर्लफ्रेंड, स्त्री, बत्ती गुल मीटर चालू, छिछोरे, गोरी तेरे प्यार में और हैदर शामिल हैं

# विराट कोहली ने रचा इतिहास

## आईपीएल में 10 बार 400+ रन बनाने वाले बल्लेबाज बने




**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफगुरुवार को खेले गए मैच में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जोरदार अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ आईपीएल 2024 में उनके 400 रन पूरे हो गए। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में किंग कोहली अर्धशतक पूरा करने के बाद आउट हो गए। उन्हें जयदेव उनादकट ने अपना शिकार बनाया। 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 43 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। इसी के साथ उनके इस सीजन में 400 से ज्यादा रन हो गए। स्टार बल्लेबाज ने आईपीएल के इस सीजन में अब तक नौ मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 145 के स्ट्राइक रेट से 430 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 40 चौके और 17 छक्के निकले हैं। दिलचस्प बात यह है कि 2011 से लगातार 10वीं बार विराट कोहली 400 रन बनाने में कामयाब हुए हैं। ऐसा करने वाले वह पहले बल्लेबाज बन गए। साल 2016 में उन्होंने सबसे ज्यादा 973 रन बनाए थे, यह आईपीएल के इतिहास में एक सीजन में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। आईपीएल इतिहास में विराट कोहली ने 10वीं बार 400 रन बनाए 2011 में 557 रन 2013 में 634 रन 2015 में 505 रन 2016 में 973 रन 2018 में 530 रन 2019 में 464 रन 2020 में 466 रन 2021 में 405 रन 2023 में 639 रन 2024 में 430 रन हैदराबाद में कोहली का रिकॉर्ड हैदराबाद में आरसीबी के पूर्व कप्तान का बल्ला जमकर गरजता है। इस मैदान पर आखिरी चार टी20 पारियों में टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज ने चार अर्धशतक लगाए। हैदराबाद के खिलाफ पिछले सीजन खेले गए मैच में विराट ने 63 गेंदों में 100 रन बनाए थे। हैदराबाद में कोहली की आखिरी चार टी20 पारियां 94′(50) बनाम वेस्टइंडीज 2019 63(48) बनाम ऑस्ट्रेलिया 2022 100(63) बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 2023 51(43) बनाम सनराइजर्स हैदराबाद 2024 दरअसल, रजत पाटीदार (20 गेंदों में 50 रन) की विस्फोटक पारी और विराट कोहली (43 गेंदों में 51 रन) की संयमित अर्धशतकीय पारी से आरसीबी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 206 रन का स्कोर खड़ा किया। इस सत्र में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं था। लेकिन फॉर्म में चल रहा बल्लेबाजी लाइन अप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका जिससे टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी। आरसीबी को इस परिणाम की जरूरत थी जिसे अपने पहले आठ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की यह आठ मैच में तीसरी हार थी। पहली पारी में स्पिनरों के दबदबे को देखते हुए आरसीबी ने कामचलाऊ ऑफस्पिनर विल जैक्स से गेंदबाजी की शुरुआत की। इंग्लैंड के इस क्रिकेटर ने शानदार फॉर्म में चल रहे विस्फोटक ट्रेविस हेड (तीन गेंद में एक रन) को थर्ड मैन पर कैच कराकर आरसीबी को बड़ी सफलता दिलायी। हेड के साथी सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा (13 गेंद में 31 रन) ने घरेलू दर्शकों का मनोरंजन किया लेकिन स्लॉग शॉट के प्रयास में विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के हाथों आउट हो गये। आरसीबी में पदार्पण कर रहे बायें हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह ने अपने पहले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका के खतरनाक क्रिकेटर ऐडन मार्कराम और हेनरिक क्लासेन की जोड़ी को आउट कर दो विकेट झटक लिये। मार्कराम फुल टॉस गेंद पर पगबाधा आउट हुए जबकि क्लासेन गलत टाइमिंग के बाद मिड ऑन पर कैच आउट हो गये। इससे सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर पांच ओवर में चार विकेट पर 56 रन हो गया। लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने इसके बाद नीतिश रेड्डी और अब्दुल समद को आउट कर प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए उम्मीद खत्म कर दी। इससे पहले पाटीदार ने कोहली के साथ 65 रनों की साझेदारी में सबसे ज्यादा रन बटोरे। कोहली का ध्यान अपने साथी खिलाड़ी को स्ट्राइक देने पर लगा था। कैमरन ग्रीन (20 गेंदों पर नाबाद 37 रन) और स्वप्निल सिंह (छह गेंदों पर 12 रन) नेअंतिम ओवरों में तेजी से रन जुटाकर आरसीबी को 200 रन के पार पहुंचाया। कोहली और फाफ डुप्लेसी (12 गेंद में से 25 रन) ने हैदराबाद की टीम के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन जोड़े। इससे सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने अपने पहले ही ओवर में 19 रन लुटा दिये। आरसीबी ने पहली 18 गेंदों पर बिना किसी नुकसान के 43 रन बना लिये थे लेकिन फिर भी पावरप्ले में एक विकेट गंवाकर 61 रन ही बना सकी। डुप्लेसी जहां टी नटराजन की धीमी शॉर्ट गेंद पर धोखा खाकर मिड ऑफ पर ऐडन मार्कराम को कैच देकर पवेलियन पहुंचे। वहीं विल जैक्स (नौ गेंद में छह रन) लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय की गेंद को स्लॉग स्वीप करने की कोशिश में आउट हो गये। इस तरह आरसीबी का स्कोर सात ओवर में दो विकेट पर 65 रन हो गया। फिर कोहली और पाटीदार ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। पावरप्ले के बाद स्पिनरों ने बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में सफलता हासिल की। आरसीबी के लिए इस मुश्किल स्थिति में जैसे ही कोहली स्ट्राइक रोटेट करने पहुंचे पाटीदार ने 11वें ओवर में मार्कंडेय की गेंद पर लगातार चार छक्के जड़कर दबाव कम किया। पाटीदार ने पहले दो छक्के लांग ऑन और लांग ऑफपर लगाये।

# भारतीय पुरूष टीम की नजरें थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर

**भारत को 'ग्रुप आफडैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चौम्पियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीराराात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं।**



**चेंगडू।** भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चौम्पियनशिप की तरह है। अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चौम्पियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीराराात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा ,'' यह वर्ष कठिन होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं।'' दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आये हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं।लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे। दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलोंमें टीम चौम्पियनशिप फाइनल हार गए थे। तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता। युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं। उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी। उबेर कप में अश्मिता चालिहा भारत की युवा टीम की अगुवाई करेगी। भारत के धुरंधर खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर खेलने के लिये इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। भारत को ग्रुप ए में कनाडा, चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है। टीम में चालिहा के अलावा राष्ट्रीय चौम्पियन अनमोल खरब, ईशारानी बरूआ और तन्वी शर्मा हैं।

# मुंबई सिटी एफसी ने एफसी गोवा के जबड़े से जीत छीनी



**गोवा के घरेलू मैदान पर मुम्बई सिटी 90वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ रही थी लेकिन लालियानजुआला छांगटे ने 90वें और 906वें जबकि विंगर विक्रम प्रताप सिंह ने 901वें मिनट में गोल करके पूरी बाजी पलट दी। छांगटे को दो गोल करने के लिए प्लेयर ऑफद मैच घोषित किया गया।**

**फातोर्दा।** मुंबई सिटी एफसी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी सात मिनटों मे तीन गोल कर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के पहले चरण के सेमीफाइनल मैच में बुधवार को यहां एफसी गोवा को 3–2 से शिकस्त दी। गोवा के घरेलू मैदान पर मुम्बई सिटी 90वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ रही थी लेकिन लालियानजुआला छांगटे ने 90वें और 906वें जबकि विंगर विक्रम प्रताप सिंह ने 901वें मिनट में गोल करके पूरी बाजी पलट दी। छांगटे को दो गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच का पहला गोल 16वें मिनट में आया, जबबोरिस सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिला दी। कप्तान ब्रैंडन फर्नांडीस ने 56वें मिनट में गोवा की बढ़त दोगुनी कर दी। जब लग रहा था कि टीमआसानी से जीत की तरफ बढ़ रही है तब मुंबई सिटी ने पलक झपकते ही मैच का पासा पलट दिया। इस सेमीफाइनल मुकाबले का दूसरा चरण मंबई में सोमवार को खेला जायेगा।




## आरसीबी के सामने सनराइजर्स की चुनौती, हैदराबाद की निगाहें फिर से रनों का अंबार लगाने पर

गुरुवार को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2024 का मैच खेला जाएगा। वहीं इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की निगाहें आरसीबी के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखायी है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाये 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी। और गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी। आरसीबी को गेंदबाजी आक्रमण में सुधार की जरूरत है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है। आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन लुटाये हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपायी करने के लिए काफी मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है। आरसीबी ने बल्लेबाजी में शानदार जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद वे कोलकाता नाइट राइडर्स से महज एक रन से हार गये। हालांकि आरसीबी प्रबंधन उनके एकजुट बल्लेबाजी प्रयास से काफी संतुष्ट होगा।

## स्पोर्ट्स न्यूज़

### मुंबई सिटी एफसी ने एफसी गोवा के जबड़े से जीत छीनी

**फातोर्दा।** मुंबई सिटी एफसी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी सात मिनटों मे तीन गोल कर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के पहले चरण के सेमीफाइनल मैच में बुधवार को यहां एफसी गोवा को 3–2 से शिकस्त दी। गोवा के घरेलू मैदान पर मुम्बई सिटी 90वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ रही थी लेकिन लालियानजुआला छांगटे ने 90वें और 906वें जबकि विंगर विक्रम प्रताप सिंह ने 901वें मिनट में गोल करके पूरी बाजी पलट दी। छांगटे को दो गोल करने के लिए प्लेयर ऑफद मैच घोषित किया गया। मैच का पहला गोल 16वें मिनट में आया, जबबोरिस सिंह ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिला दी। कप्तान ब्रैंडन फर्नांडीस ने 56वें मिनट में गोवा की बढ़त दोगुनी कर दी। जब लग रहा था कि टीमआसानी से जीत की तरफबढ़ रही है तब मुंबई सिटी ने पलक झपकते ही मैच का पासा पलट दिया। इस सेमीफाइनल मुकाबले का दूसरा चरण मंबई में सोमवार को खेला जायेगा।

### दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चौम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा 33 सदस्यीय दल

आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चौम्पियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था। पिछले साल क्रमशरू रजत और कांस्य पदक जीतने वाली महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी भी 13 भारतीय महिला एथलीट की टीम का हिस्सा हैं। सेना के सिनिमोल 2022 के विजेता हैं और पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे। वह 20 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। टूर्नामेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है। पुरुषरू तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख। महिलारू दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रगन्या मोहन, पूनम विश्वास।

### ईरानी फुटबॉलर ने महिला फैन को लगाया गले, क्लब ने निलंबित कर लगाकर दिया जुर्माना

ईरान के इंटरनेशनल गोलकीपर होसैन होसैनी को ईरान प्रो लीग मैच के बाद अरक स्टेडियम में एक महिला फैन को गले लगाना भारी पड़ गया। जिसके बाद फुटबॉल क्लब ने निलंबित कर जुर्माना ठोका है। वह फैन, जिसने हिजाब पहन रखा था, होसैन होसैनी तक पहुंचने में कामयाब रही और खिलाड़ी ने उसे गले लगा लिया। अब इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। दैनिक खबर वरजेशी की रिपोर्ट के अनुसार होसैनी जीनके पास ईरान के लिए 11 कैप हैं, उनको मैच सुरक्षा अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया और 4.400 यूरो का जुर्माना लगाया गया।

### केएल राहुल, पंत और सैमसन के बीच कड़ी टक्कर

टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत जून में होने जा रही है। टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में खेला जाएगा। इससे पहले सभी को इंतजार है कि भारतीय टीम में वर्ल्ड कप के लिए केएल राहु, ऋषभ पंत और संजू सैमसन में किसे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिलेगी। तो चलिए जानते हैं टीम इंडिय के लिए आईपीएल 2024 के आंकड़ों के हिसाब से कौन सा विकेटकीपर फिट बैठेगा। आईपीएल 2024 में अभी तक भारतीय प्रमुख विकेटकीपरों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो केएल राहु, ऋषभ पंत और संजू सैमसन तीनों के तरफसे ही अच्छा खेल देखने को मिला है। वहीं पंत आईपीएल में विकेटकीपर के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं तो संजू दूसरे पर हैं। जबकि राहुल का नाम तीसरे नंबर पर दर्ज है। कार एक्सीडेंट के बाद आईपीएल में वापसी करने वाले ऋषभ पंत की तरफसे अभी तक बेहद शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। पंत ने इस सीजन आईपीएल में 9 मैचों में 161.31 स्ट्राइक रेट से 342 रन बनाए हैं। अब पंत के इस शानदार प्रदर्शन के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि उनको टी20 वर्ल्ड कप में मौका मिलेगा। संजू सैमसन का प्रदर्शन दूसरी तरफसंजू सैमसन के प्रदर्शन की बात करें तो वह इस सीजन में प्रभावी रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में अभी तक आठ मुकाबले खेले हैं और 152.43 के स्ट्रीक रेट 314 रन जड़े हैं। उनके इस प्रदर्शन के बाद ऐसा लगता है कि उन्हें भी आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। केएल राहुल की लिस्ट में इस सीजन में केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आठ मैच खेले हैं। जिसमें उनके बल्ले से 141.12 के स्ट्राइक रेट से 302 रन बनाए हैं। देखा जाए तो तीनों की विकेटकीपर तय में नजर आए हैं।

### हम गरीब देशों में नहीं जाते... कम पैसे देने पर ठ्ठस् का ऑफर ठुकराया, वीरेंद्र सहवाग ने किया खुलासा

भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग अपने बेबाक अंदाज और मजेदार जवाब के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट के मजे लिए, जिसकी अब चारों तरफ काफी चर्चा हो रही है। गिलक्रिस्ट भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। गिलक्रिस्ट ने सहवाग से पूछा था कि क्या भारतीय खिलाड़ी कभी ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग या अन्य विदेशी टी20 लीग में खेलेंगे? जिसके बाद ऐसा जवाब दिया कि गिल्ली खुद अपनी हंसी नहीं रोक पाए। बता दें कि, आईपीएल दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग है। यहां दुनियाभर के बड़े खिलाड़ी आकर खेलते हैं। वहीं बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों के विदेशी लीग में खेलने पर रोक लगा रखी है। जिसकी मुख्य वजह टीम इंडिया के प्लेयर्स का बेहद व्यस्त शेड्यूल है। गिलक्रिस्ट ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर सहवाग से सवाल किया कि, क्या आपको लगता है कि भारतीय खिलाड़ी कभी अन्य टी20 लीग में जाकर खेल सकेंगे?

### दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला, यहां देखें प्लेइंग 11

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं गुजरात के कप्तान शुबमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। साथ ही ळज् बिना किसी बदलाव के उतरी है। जबकि डेविड वॉर्नर को बाहर बिठाया गया है। वहीं आईपीएल के इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की टीम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है। दिल्ली ने जारी सीजन में आठ मुकाबले खेले हैं और सिर्फतीन में जीत दर्ज कर सकी है। घरेलू मैदान पर टीम को पहले भी हार का मुंह देखना पड़ा है। दिल्ली ने अभी तक महज 3 मुकाबले जीते हैं लेकिन अभी भी उसकी प्लेऑफकी उम्मीदें जीवित है। दिल्ली कैपिटल्स–पृथ्वी शॉ, जेक फ्रेजर–मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, ऋषभ पंत (विकेटकीपरध् कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, ललित यादव, कुलदीप यादव, एनरिक नॉर्किया, खलील अहमद, मुकेश कुमार। गुजरात टाइटंस– शुभमन गिल (कप्तान), ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रडेविड मिलर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, आर साई किशोर, मोहित शर्म, नूर अहमद और संदीप वॉरियर।

### एलआईसी ने उसके ब्रांड नाम, प्रतीक चिन्ह वाले भ्रामक विज्ञापनों को लेकर किया आगाह

**नयी दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर, कंपनी के ब्रांड नाम तथा प्रतीक चिन्ह का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया मंचों पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन देने में शामिल कुछ लोगोंध्संस्थाओं के खिलाफलोगों को बुधवार को आगाह किया। एलआईसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्सश् पर अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी बरतने।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।